SHORT DURATION DISCUSSION

Drinking water crisis in the country

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसे जैसे ग्रीष्मकाल की शुरूआत होती है, मार्च-अप्रैल का महीना आता है, पानी की किल्लत प्रांरभ हो जाती है और यह क्रम अबाध गति से पिछले कई वर्षा से चल रहा है । इस सदन में भी हम लगातार प्रति वर्ष मार्च-अप्रैल महीने में पानी की किल्लत की चर्चा करते है ,लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक हम किसी नतीजे पर नहीं पहुचं पाए है । यह समस्या किसी राज्य विशेष की समस्या न बनकर एक राष्ट्रीय समस्या हो गई है और यदि हम इसे अन्तर्राष्ट्रीय समस्या भी कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस पानी की किल्लत के लिए जो खास बातें है, जिन पर हमें गौर करने की जरूरत है, मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि उनमें मुख्य है – जनसंख्या में वृद्वि,प्रदूषण, अव्यवस्थित मल निकास, औद्योगिक निस्तारी, अपर्याप्त भंडारण क्षमता और बारिश के पानी का अपव्यय । इन सबके पीछे यदि कोई कारण है तो वह मिसमैनेजमेंट है, जो किसी ने किसी दृष्टि से यहां पर लागू होता है । जहां पानी की समस्या का सीधा संबंध जनसंख्या से है, वहीं भंडारण क्षमता का भी इससे संबंध है । इसके लिए हमें रेन वाटर हारवेवस्टिंग पर भी ध्यान देने की जरूरत है, ग्राउंड वाटर का जो एक्सप्लॉयटेशन होता है, उस पर रोक लगाने की जरूरत है और पीने के पानी का अपव्यय न हो, लोगों में ऐसी जागृति पैदा करने की आवश्यकता है । इसके लिए पानी सरंक्षण के क्या उपाय किए जाएं, पानी की रिसाइक्लिग हो ताकि यह पानी पीने योग्य हो और उसके लिए किस तकनीक का इस्तेमाल किया जाए ताकि पानी शुद्विकरण अवस्था में पीने योग्य हो जाए और लोग उसका उपयोग कर सकें, इसके लिए भी जन-जागरण अभियान चलाने की आवश्यकता है । इसके साथ ही साथ पानी की वितरण व्यवस्था में भी सुधार की आवश्यकता है । जब मैं बात वितरण व्यवस्था की कर रहा हूं तो कहीं तो जो सम्पन्न घर है, सम्पन्न इलाके है वहां पीने के पानी का बागवानी तक में उपयोग हो रहा है और कई ऐसे गरीब इलाके है, जहां बागवानी की बात तो छोड़िए, पीने तक के लिए पानी मुहैया नहीं हो रहा है और एक-एक गिलास, एक-एक लोटा पानी के लिए, बूंद-बूंद पानी के लिए वहां लोंगों को तरसना पड़ता है । यह विषमता है हमारे समाज की, यह फर्क है अलग-अलग इलाको में रहने वाले अलग-अलग समाज के लोंगों के बीच में । इस विषमता को दूर करने की आवश्यकता है और मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर विचार करे ।

जब मैं रिसाइक्लिंग आफ वाटर की बात करता हूं तो शोध और अनुसंधान विभाग को भी इसमें एक प्रभावी रोल अदा करना चाहिए, ऐसा मैं मानकर चलता हूं । इसके लिए क्या-क्या उपाय किए जाने चाहिए, यह सोचा जाना चाहिए । मात्र हम कमिंया गिनाएं, त्रुटियां गिनाएं तो यह ठीक नहीं होगा क्योंकि यह एक राष्ट्रीय समस्या है, इसलिए खाली कमियां गिनाने से काम नहीं चलने वाला है, बल्कि हमको निदान के बारे में भी सोचना पड़ेगा और इस समस्या से जूझने में हमारा क्या कर्त्तव्य हो सकता है, क्या जिम्मेदारी हो सकती है, क्या उत्तरदायित्व हो सकता है इसके बारे में भी हमें विचार करना पड़ेगा और यदि यह किया गया तब तो इस चर्चा का कोई औचित्य होगा वरना यह चर्चा केवल उस परिपाटी को पूरा करेगी जिस परिपाटी का पालन हम मार्च-अप्रैल के महीने में इस सदन में इस मुद्दे पर चर्चा करके हमेशा कर लिया करते है । इसके

लिए आवश्यकता है कि हम गांवो में स्टाप डैम का निर्माण करें । इसके लिए आवश्यकता है कि जो हमारी पुरानी पद्धति थी—कुआं, बावड़ी, जलाशय थे, उनके सही रख-रखाव की बात करें । जब जलाशय सूख जाएंगे, जब वाटर रिज़रवायर सिस्टम नहीं रहेगा तो जो कुएं रहेंगे, जो बावड़ी रहेंगी, उनका जलस्तर नीचे हो जाएगा और उसका प्रभाव यह होगा कि लोंगो को पीने का पानी मुहैया नहीं हो पाएगा । इसके लिए आवश्यक यह है कि जो तालाब है, जो बावड़ी है, उनका रख-रखाव ठीक तरह से हो । जो मिट्टी वहां जमा हो जाती है, उस मिट्टी के जमा होने की वजह से जो पीने का पानी हम बावड़ी या कुएं से उपलब्ध करते है, वह मिट्टी जब उसमें गिरती है तो पीने का पानी हमको उपलब्ध नहीं हो पाता है । इसलिए इस पर रोकथाम की आवश्यकता है, ऐसा मेरा विचार है ।

मान्यवर,बड़ी उम्मीदों से हर सरकार सत्तारूढ़ होती है । राष्ट्रीय जनतांत्रिक गंठबंधन की सरकार ने भी जब 1998-99 में सत्ता संभाली थी तो उसने अपने घोषणा-पत्र में इस बात का ज़िक्र किया था, मैं उसको उद्धत करना चाहूंगा कि हम इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि अगले पांच वर्षो में सभी गांवों में पीने का पानी उपलब्ध हो सके । लेकिन इस वादे की पूर्ति की दिशा में सरकार ने क्या गंभीर प्रयास किए, इस पर चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है।

महोदय,मैं यह कहना चाहता हूं कि जब NDAकी सरकार सत्ता में आई थी तो लोगों ने यह उम्मीद की थी कि उनके घोषणापत्र में जिन बातों का उल्लेख किया गया है, कम से कम पीने के पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में यह सरकार कुछ कदम उठाएगी । लेकिन मुझे अफसोस है कि चुनावी घोषणापत्र में जो वायदे किए गए थे, वे वायदे सरकार ने विस्मृत कर दिए और जो पीने के पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता है, उसकी पूर्ति की दिशा में भी सरकार ने कुछ नहीं किया । सरकार ने अपने उस वायदे को विस्मृत कर दिया, यह बहुत अफसोसजनक बात है ।

मान्यवर, इस सरकार ने किस ढंग से लापरवाही दिखाई है, मैं इसके दो-तीन उदाहरण देना चाहूंगा । इस सरकार ने कितना बजटरी प्रोविजन रखा था और वास्तव में कितना खर्च किया है, इसके कुछ आंकड़े मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । महोदय, रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री की जो वार्षिक रिपोर्ट है, उसके मुताबिक ARWSP के लिए वर्ष 2000-01 में 4,656.32 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया था लेकिन उस पर मात्र 4,019.17 करोड़ रूपए ही खर्च किए गए । यानी इस योजना के लिए जो प्रावधान किया गया था, उसका मात्र 85 प्रतिशत ही खर्च किया गया ...(**व्यवधान**)...आप सुन लीजिए, इतने असहज मत होइए । आपको जब अवसर मिलेगा, तब बता दीजिएगा ।

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI M. VENKAIAH NAIDU) : Please go through the report. You are giving a wrong figure. आप एक बार फिगर देख लीजिए ।

SHRI SURESH PACHOURI: You please see page 155. उसमें आप देख लीजिएगा । इस योजना पर 4,019.17 करोड़ रूपए का व्यय किया गया है, जबकि आवंटन 4,656.32 करोड़ रूपए का था । अगर मैंने कोई फिगर गलत बताइ हो, तो बता दीजिएगा ।

मान्यवर,इसी प्रकार से वर्ष 2001-02 के लिए 4,636.37 करोड़ रूपए का प्रोविजन किया गया था और 19 फरवरी,2002 तक 2,286.48 करोड़ रूपए खर्च हुआ है । यानी कुल आवंटन का मात्र 62.59 प्रतिशत खर्च हुआ है । इंसान की जो बुनियादी आवश्यकता है शुद्ध पेयजल की, उसे उपलब्ध कराने के बारे में यह इस सरकार की गंभीरता है ।

मान्यवर, इस बारे में 19-20 अक्टूबर, 2001 को स्टेट मिनिस्टर्स की एक कान्फ्रेंस हुई थी, जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण विकास मंत्री जी ने की थी और उसमें बहुत सी सिफारिशें की गई थीं । मैं यहां उन सिफारिशें का थोड़ा ही जिक्र करूंगा लेकिन उन पर क्या अमल हुआ इसकी ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । उसमें यह कहा गया था कि एक स्रोत के साथ प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी मुहैया कराने की रिआयत दी जानी चाहिए, जिसका पालन नहीं हो पाया ।

महोदय,सरकार का वर्ष 2004 तक जो राष्ट्रीय एजेंडा था, उसमें भी शुद्व पेयजल उपलब्ध् करने के बात कही गई थी । मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे यह बताने की कृपा करें कि इस दिशा में अभी से क्या प्लानिंग की गई है ? महोदय, उसमें यह सिफारिश भी की गई थी और माननीय मंत्री जी अपनी कनक्लूडिंग स्पीच में आश्वासन भी दिया था और यह समाचारपत्रों में भी छपा था कि राज्यों की सिफारिशों पर पूरा ध्यान दिया जाएगा ।

महोदय, मैं मध्य प्रदेश से यहां आया हूं और मध्य प्रदेश ने इस जल संकट से उबरने के लिए सिफारिशें की है, उस दिशा में क्या कदम उठाए गए है ? आपने सम्मेलन में जो आश्वासन दिया था उसका क्या हुआ ? आपने अपने घोषणापत्र में जो वायदे किए, उनको तो आपने विस्मृत कर दिया लेकिन जो आश्वासन आपने उस सम्मेलन में दिया था, उस आश्वासन की पूर्ति की दिशा में क्या कदम उठाए गए है, यह मैं मध्य प्रदेश के सदंर्भ में माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं ।

महोदय, मैं मध्य प्रदेश से यहां आया हूं । आए दिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पिछले एक सप्ताह से यह दिखाया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में पेयजल संकट है और मध्य प्रदेश के प्रायः सभी जिले पीने के पानी की समस्या से ग्रस्त है ।

सारे राज्य में जल का सकंट विद्यमान है । इसके स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार ने केन्द्रीय शासन से अतिरिक्त राशि प्रदान करने के लिए 12 नवम्बर, 2001 को पत्र लिखा था और 253.84 करोड़ रूपये की मांग का मेमोरेण्डम भी भेजा था, लेकिन उस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है । इस मेमोरेण्डम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के लिए 46.87 करोड़ और नगरीय क्षेत्र के लिए 62.23 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया गया था, लेकिन अभी तक इसके लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है । जो उस आश्वासन का परिपालन नहीं है, जो माननीय मंत्री जी से उस सम्मेंलन में किया था कि हम राज्यों की आवश्यकतानुसार पेयजल संकट से उबारने के लिए जो वांछित राशि है, वह उपलब्ध करायेंगे । महोदय, मध्य प्रदेश की स्थिति यह है कि लगभग 334 नगरीय निकायों में से 120 नगरीय निकाय ऐसे है जिनमें एक टाइम पानी उपलब्ध हो रहा है या दो-दो, तीन-तीन दिन के अंतर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है । नगरीय निकायों में नियमित जल उपलब्ध कराने के लिए कुल 64.23 करोड़ रूपये की कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के पास भेजी है । आप ने आपदा राहत निधि से भी नगरीय क्षेत्रों में पेयजल परिवहन के लिए मात्र 222.5

लाख रूपये उपलब्ध कराये है, जबकि भारत शासन से अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने की मांग और सहायता का अनुग्रह राज्य शासन ने किया था। महोदय, स्थिति यह है कि विगत वर्ष की भांति योजना मद से सूखाप्रद प्रभावित बसावटों में आवश्यक कार्य करने के लिए मापदंडों में छूट देने का आग्रह भी केन्द्र सरकार से किया गया था और इसके लिए भी 14 दिसम्बर, 2001 को केन्द्र शासन से अनुरोध किया गया था । जो मानदंड है, वह 40 लीटर पेयजल प्रतिदिन उपलब्ध कराने का और एक किलोमीटर के अंतर्गत 250 लोगों के लिए जलशोध निर्मित कराये जाने का,उस मापदंड में शिथिलता बरतने के लिए मेमोरेण्डम राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को भेजा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि जहां पूरे देश में जल संकट है, पीने के पानी का संकट है, मध्य प्रदेश ऐसा देश का ह्रदय प्रदेश है, जहां पर भारी जल संकट है और प्रायः सभी जिलों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उस पर ध्यान देने की जरूरत है ?

मान्यवर, जहां तक राष्ट्रीय संदर्भ की बात है । भारत में पानी की जो पर केपीटा ऐवेलिबिलिटी है और उसके साथ-साथ जो कंजम्पशन है, उसको जब हम तुलनात्मक दृष्टि से देखते है, तो ऐवेलेबिलिटी के मुकाबले कंजम्पशन में कमी आती जा रही है। उस पर जब हम गौर करते है तो हमें ऐसे उपायों पर और करना चाहिए, जिन उपायों को अपनाकर हम इस विसंगति को दूर कर सकते है। हमारे जो पड़ौसी देश हैं, चाहे वह श्रीलकां हो, नेपाल हो, बर्मा हो, उनके भी ऐवेलेबिलिटी और कंजम्पशन का संकट है। वे कुछ ऐसे उपाय कर रहे है जिनकी वजह से वाटर क्राइसिस का सामना इन देशों को नहीं करना पड़ रहा है। बहुत सारी ऐसी योजनाएं विदेशों की है, जिनका परिपालन करने से हम पेयजल की समस्या से मुक्ति पा सकते है। वे वित्तीय मदद भी देते है इस वाटर क्राइसिस से निकलने के लिए। मैं चाहूंगा कि उन योजनाओं का लाभ माननीय मंत्री जी लें, ताकि यह जो राष्ट्रीय समस्या है, इस समस्या का समाधान निकाला जा सके। गांवों की एक खास बात है, लोग हैंड पम्प लगवा लेते है, लोग कूएं खुदवा लेते है, लेकिन हैंड पम्प और कूएं के जरिए से ज्यादातर खारा पानी निकलता है। जब हम लोग सांसद के नाते उन क्षेत्रों में दौरा करते है तो ज्यादातर मांग यह आती है कि आप हमारे यहां एक हैंड पम्प लगवा दीजिए, आप हमारे यहां कूआं खुदवा दीजिए, बावड़ी रख-रखाव के लिए कुछ पैसा दे दीजिए। लेकिन खारा पानी को दूर करने के लिए कौन से संयंत्र होने चाहिए, कौन सी टेक्नालॉजी को हम उपयोग में लायें, उस टेक्नालॉजी को डेवलेप करने की आवश्यकता हैऔर उन संयंत्रों की संख्या ज्यादा से ज्यादा गांवों में उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जिन संयंत्रों को लगाने के बाद हम लोग खारे पानी से मुक्ति पा सकते है।

जहां तक जो दूसरी स्थिति है,पूरे देश में वाटर क्राइसिस की वजह से क्या स्थिति है ? मैं उन आंकड़ों में ज्यादा नहीं जाना चाहता हूं लेकिन मौटे तौर पर दो तीन बातें मैं कहना चाहता हूं। हिन्दुस्तान में लगभग 21 प्रतिशत बीमारियां जो हो रही है, वह पीने के पानी की वजह से हो रही है, ऐसा वर्ल्ड हैल्थ ऑरग्नाइजेशन का ऑब्जरवेशन है। खास तौर से एक मिलियन से ज्यादा हिन्दुस्तानी बच्चे केवल अशुद्व जल को पीने के कारण मौत के शिकार होते है, यह भी एक ऑब्जरवेशन है। यह भी ऑब्जरवेशन है कि हिन्दुस्तान के लगभग 15 ऐसे राज्य हैं जिनमें वाटर लैवल पांच प्रतिशत से नीचे जा रहा है जिनमें खास तौर से हरियाणा, पंजाब, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात है जिनका सैट्रंल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने इस लिस्ट में आकलन किया है । यह अपने आपमें बहुत गंभीर बात है।

1995 में जो यूनीसैफ का और वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर का एक ऑब्जरववेशन था ओर उनकी केस स्टडीज़ है, उन्होंने भी इन बातों की तरफ ध्यान आकर्षित किया है, उन्हें भी गंभीरता के साथ लेने की आवश्यकता है । महोदय, मैं दो तीन बातें और कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा । वह खास बातें ये है कि जो सम्मेलन 20 अक्तूबर 2001 को किया गया था, उस सम्मेलन की क्या क्या संस्तुतियां थी । उसमें सबसे बड़ी बात यह थी कि जल की गुणवत्ता कैसे बरकरार रखी जाए । सम्मेलन में तो हो सकता है कि हम लोगों ने मिनिरल वाटर पीते-पीते विचार बहुत गंभीरता से किए हों और उन नतीजों पर भी पहुंचने की कोशिश की गयी हो कि हम जो संस्तुति कर रहे है, उसका पालन होगा । लेकिन उस सम्मेलन की जो भी सिफारिशें है, जो अनुशंसाएं है,उनका पालन हुआ कि नहीं । उन अनुशसाओं में यह था कि 567 जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएं है, उनमें से 352 प्रयोगशालाएं लगाया जाना बाकी था औ उसमें यह सुनिश्चित किया गया था कि 31 मार्च 2002 तक इन 352 प्रयोगशालाओं को लगा दिया जाएगा । उस संस्तुति का क्या हुआ, मैं यह जानना चाहता हूं, जो जल गुणवत्ता के बरकरार रखने के लिए थी । इसके संबंध में जो कार्य योजना बनायी गयी थी, उस कार्य योजना के परिपालन में क्या कदम उठाये गए, यह मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं । यह एक ऐसी समस्या है जिस समस्या के निराकरण के लिए और जिस समस्या पर गंभीरता से विचार करने के लिए लगभग हम प्रति वर्ष इस सदन में चर्चा करते है लेकिन क्योंकि कोई नतीजा नहीं निकल पाता है, इसलिए यही स्थिति होती है कि जो समाधान होना चाहिए, वह समाधान सही नहीं निकल पाता है । मान्यवर,मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जो पीने के पानी का गंभीर संकट का सामना भारतवासियों को करना है, भारत के अनेक राज्यों को करना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख राज्य मध्य प्रदेश है, लोगों को पीने का पानी मुहैया हो सके जो कि इंसान की बुनियादी आवश्यकता है । यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के पास क्या कार्ययोजना है ? क्या वह कार्य योजना एक समयबद्व तरीक से आपने बनायी है ? यदि नहीं बनायी है तो निश्चित समय सीमा के अंतर्गत जो आपने सम्मेलन किया था, उस सम्मेलन की संस्तुतियों का परिपालन हो सके, इस दिशा में आप क्या कदम उठा रहे है ? साथ ही जो मैंने उपाए सुझाए है कि रेन वाटर हारवैस्टिंग हो, ग्राउंड वाटर का ऐक्सप्लॉयटेशन कम हो जाए और लोगों में यह जनजागरण पैदा हो सके कि यूजेबल वाटर हो सके, उसकी रीसाइक्लिंग कैसे की जाए, उस संबंध में जन जागृति पैदा करने के लिए आपकी तरफ से किस प्रकार की योजना सुनिश्चित की गयी है, यह हम आपसे जानना चाहते है । मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि जिन राज्यों ने जिसमें विशेष रूप से मध्य प्रदेश है,पीने के पानी की समस्या से मुक्ति पाने के लिए जो योजनाएं आपको भेजी है, और जिस राशि की उन्होंने मांग की है, मेहरबानी करके क्या वह धनराशि उन्हें एक निश्चित समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराएंगे वरना फिर ग्रीष्म काल के बाद वर्षा ऋतु आ आ जाएगी और फिर जब वह राशि यहां पहुंचेगी तो उस राशि को वहां भेजने का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा । इन्हीं बातों के साथ आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपका अनुगृहित हूं और माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते है कि हर ग्रीष्म काल में पानी की कमी और किल्लत पर हमें चर्चा न करनी पड़ । इसके लिए आप कोई ऐसा समाधान निकाले जो ठोस भी हो, मजबूत भी हो और इसके लिए आवश्यकता इस बात की है कि आपकी जो दृष्टि है, वह मजबूत होनी चाहिए, आपकी जो सोच है, वह मजबूत होनी चाहिए और आपका कदम भी मजबूत होना चाहिए । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

श्री केशूभाई एस.पटेल (गुजरात) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस सदन में चर्चा के लिए जो प्रश्न उपस्थित हुआ है, वह पूरे देश के लिए बड़ी चिंता का विषय है । मैं प्रस्तावक का अभिनन्दन करता हूं कि जो बहुत ज़रूरत की चीज़ है पूरे देश के लिए, उसमें भी कुछ प्रदेश ऐसे है जिसमें उसकी जरूरत तत्कालीन उपाय करने के बारे में है, उसें यहां उजागर करने का हम लोगों को मौका मिला है ।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, 50 सालों से हम बातें करते आए है कि पीने का पानी दिया जाए । कोई कहता है कि पीने के पानी की सबसे ज्यादा खराब स्थिति मध्य प्रदेश में है, कोई कहेगा राजस्थान में है और मैं कहूगा कि गुजरात में है और मैं ऐसा ज़रूर कहूंगा कि कहीं दो दिन के बाद पीने का पानी मिलता होगा लेकिन गुजरात में कुछ टाउन ऐसे है जहां आठ दिनों के बाद पाइपलाइन के जरिए सिर्फ आधा घंटा पानी मिलता है । मान्यवर, आज़ादी के 50 साल के बाद भी यह स्थिति आज बनी हुई है । हमारे यहां 70 परसेंट ऐसा क्षेत्र है जो अकाल से पीड़ित है, drought prone area है ।

(उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी)पीठासीन हुए)

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं खुशी व्यक्त करता हूं कि आपने ही यह चर्चा शुरू की और अब आप ही चेयर पर विराजमान हुए है । तो मैं कह रहा था कि आठ दिनों के बाद भी आधा घंटा, पंद्रह दिनों के बाद भी आधा घंटा पानी मिलता है, यह स्थिति है । कच्छ का कितना एरिया ऐसा है जहां पीने का पानी है ही नहीं । लोग गांव छोड़कर जा रहे है । सौराष्ट्र का, उत्तर गुजरात का कितना एरिया ऐसा है जहां पीने का पानी है ही नहीं । लोग गांव छोड़कर जा रहे है । कई ऐसे आदिवासी क्षेत्र है, आप देखिए, पूरा दाहौद डिस्ट्रिक्ट, साबरकांटा का आदिवासी क्षेत्र, पंचमाल हिली एरिया, सारी जगहों पर हम हैड पम्म लगवाते है लेकिन हैंडपम्प लगवाने से क्या होता ? दस-पद्रंह दिन पानी मिलता है । आसपास के क्षेत्रों में जो इकट्ठा होता है, वह दस-पद्रंह दिन तक ही मिलता है । जमीन में पानी है ही नहीं । जब पानी है ही नहीं तो मिलेगा कहां से ? यह प्रश्न बहुत पेचीदा है । जब मैंने यह कहा कि हमारे गुजरात में यह प्रश्न बहुत पेचीदा हो गया है तब मैं बताऊंगा कि उत्तरी गुजरात के किसान,कच्छ के किसान, सौराष्ट्र के किसान, सौराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों के किसान कितनी गहराई से पानी लेते है । पीने का पानी जितनी गहराई से लेना पड़ता है वह एक हजार फीट नीचे से लेना पड़ता है । हजारों साल पहले जो पानी नीचे गया है, वह पानी आज कैसा है ? क्या वह सभी जगह पर मीठा है ? पीने लायक है ? मीठा नहीं है, पीने लायक भी नहीं ? बहुत सारी जगहों पर क्षारवाला तो है ही, फ्लोराइडयुक्त भी है । एक तरफ तो हम कहते है कि लोंगों की उम्र बढ़नी चाहिए, आयु बढ़नी चाहिए । उसकी आयु बढ़ाने के लिए, तंदुरूस्ती के लिए हम पैसा खर्च करते है । अपनी आयु बढ़ाने के लिए जो कुछ उपाय करने चाहिए वे कर रहे है दूसरी ओर, जहां फ्लोराइड युक्त पानी मिलता है वहां पच्चीस-तीस साल का जवान आदमी वृद्ध जैसा लगता है क्योंकि उनकी हड्डियां बैंड हो जाती है । यानी पचास-पचपन साल की उम्र में वह भगवान के घर चला जाता है । इस देश का पच्चीस-तीस साल का युवा, जिसके मन में कुछ कर दिखाने की तमन्ना है, उस जवान की रोज-रोज यह फ्लोराइडयुक्त पानी पीने के कारण हड्डियां बैंड हो जाती है, वह स्वयं बैंड हो जाता है, चल नहीं सकता है । इस तरह की स्थिति गुजरात में बहुत ज्यादा क्षेत्रों में है हमारे यहां एक क्षेत्र तो ऐसा है जिसके बारे में कह कहावत है । यह क्षेत्र अहमदाबाद कें पास ही है, बहुत दूरी पर नहीं है, यह अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट का टाउन है, उसका नाम दन्दुका, यह

टाउन है । दन्दुका क्षेत्र के लिए कहा जाता है कि, भई लड़की की शादी करो तो और जगह करना । लड़की को बदूंक से गोली मारो लेकिन दन्दुका में शादी मत करवाओ, यह कहावत है। गुजरात में फ्लोराइड युक्त पानी है । पानी मिलता ही नहीं है । कुछ नहीं है, बहुत दूर-दूर तक पानी की इतनी तकलीफ है । यहां पानी की चर्चा हो रही है । पचास साल में आदमी मर जाता है । वहां फ्लोराइड ही फ्लोराइड है । क्षारवाला पानी है । फ्लोराइड वाला पानी दूर-दूर से लाना पड़ता है । आठ-दस दिन तो स्नान करने की बात ही नहीं है । जहां पीने का पानी भी नही है वहां स्नान की बात तो दूर रही यहां दिल्ली में एक-दो टाइम पानी मिलता है । अगर एक टाइम पानी न मिले ...(**व्यवधान**)...

श्री मूल चन्द मीणा(राजस्थान) **:** आप चीफ मिनिस्टर थे, आपने क्या किया ?

श्री केशुभाई एस.पटेल : मैंने क्या किया, अगर बताऊं तो पूरे ढाई घंटे चले जाएंगे ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष(**श्री सुरेश पचौरी**) **:** केशुभाई जी आप बोलिए ।

श्री केशुभाई एस. पटेल : पचास साल आप लोगों ने क्या किया ? आप जाकर दन्दुका वालों से पूछिए कि क्या अब शादी करवाएंगे दन्दुका में ? तो कहेगा कि हम शादी करवाएंगे क्योंकि हम लोगों ने पानी पहुंचा दिया है । गुजरात में लोग कहते है कि लड़की को बंदूक कर दो, पर दंदूके न भेजो । यह परिस्थिति बदलनी पड़ेगी । जब तक यह बदली नहीं जाएगी तब तक विकास कहां होगा ? किस बात का विकास ? हम देखते है कि जो हमारे गांव बसे है, हमारे शहर बसे है, यह दिल्ली भी बसी है तो यमुना के किनारे बसी है, हजारों साल पहले जो गांव बसाते थे, तब सांइस इतनी आगे नहीं बढ़ी थी, तब भी नदियों के किनारे पर गांव और शहर बसाए जाते थे । आज वहीं स्थिति है । लेकिन नदियों में भी पानी कहां है ? उस समय तो नदियों में पानी था । आज नदियों में पानी नहीं है ।यह गंभीर समस्या है । आने वाले दिनों में और गंभीर स्थिति हो जाएंगी । इस समस्या का निराकरण होना चाहिए । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सिर्फ हैंड पेप लगाने से समस्या का निराकरण नहीं हो सकता । हमारे सौराष्ट्र का जो क्षेत्र है, वहां पत्थर ही पत्थर जमीन में है । इसलिए वहां टयुबवेल लगाकर क्या करेंगे ? वहां पानी ही नहीं है । एक बूंद पानी नहीं मिलेगा । वहां ऊपर पानी को रोकना पड़ेगा, तालाब बांध करके, डैम बांध करके, चाहे छोटा हो या बड़ा हो । हम लोगों ने क्या किया ? वह बात कहने वाले माननीय सदस्य को मैं बताऊंगा कि छोटे चेक डैम्स लोगों की मदद से, प्रजा के सहयोग से लगाए- 40 परसेंट व्यक्तियों का या गांव का और 60 परसेंट सरकार का । तो पानी रोकने के लिए हमने जुम्बिश चलायी, आंदोलेन चलाया, चेक डैम्स बनवाए । मुझे कहते हुए खुशी होती है कि हम लोगों ने एक साल में 14 हजार चेक डेम्स बनवाए। एक ही साल में प्रजा के सहयोग से । मैं नहीं कहता हूं कि सिर्फ सरकार ने किया । जनता ने भी उठाए । मुझे बताइए देश में किसी और जगह ऐसा आंदोलन खड़ा हुआ हो जो रचनात्मक हो जिसमें प्रजा का सहयोग हो । फिर मैंने पहले ही कहा कि गुजरात में ड्राउट प्रोन एरिया बहुत है । इसलिए यह सब चीज तो तब हो सकती है जब बारिश हो । वहां बारिश हीं नही है । तीन साल से बारिश ही नहीं हुई । अकाल है, अर्ध अकाल है । ऐसी साइकिल चलती है – 10 साल में 3 अकाल, 3 अर्ध अकाल, पानी की समस्या । इसका उपाय ढूंढना पड़ेगा । उसका उपाय अलग-अलग क्षेत्र में अलग होगा । एक प्रदेश को दो-तीन जोन्स में बांटा जाए जहां पानी के सोर्स हो । यह पानी दूसरे क्षेत्रों में ले जाना पड़ेगा । गुजरात में समस्या

है कि एक जगह से दूसरी जगह पानी ले जाना पड़ेगा । आज हम देखें कि आदिवासी क्षेत्र में डैम बना । बड़ा डैम तो बनने वाला नहीं क्योंकि ऐसी कोई साइट नहीं, ऐसी कोई नदियां नहीं है । लेकिन सौराष्ट्र में जो बन गया तो बन गया, थोड़ा सा और बनेगा । तो यह पर्याप्त नहीं है, वह भी तब भरेगा जब बारिश होगी तो जहां 30-40 परसेंट क्षेत्र ड्राउट प्रोन एरिया के बाहर का एरिया है, वहां से पानी दूसरे क्षेत्र में ले जाना पड़ेगा । हम कहते हैं कि वाटॅरशैड योजना करें और वह जरूर करनी चाहिए । वॉटरशैड योजना, यह मानसून की क्रॉप अच्छी तरह से पक जाए, किसानों को लाभ मिले, देश को लाभ मिले, फसल अच्छी तरह से पके, उसके लिए मॉयस्चर संग्रह करने के लिए आवश्यक है, पानी रूकता है, लेकिन पीने के पानी का उपाय इसमें नहीं है । पीने के पानी का उपाय, जैसे मैंने गुजरात की बात बताई, यह करना पड़ेगा ।

मैं आखिर में एक बात कहूंगा । गुजरात में जा कर आप किसी बच्चे से पूछिए कि आपको पीने का पानी नहीं मिलता तो वह कहां से मिलेगा । उस के पास जानकारी है, वह कहेगा कि सरदार सरोवर डैम बन जाए तो पूरे गुजरात के अंदर पीने का पानी मिल जाएगा । उपसभाध्यक्ष जी, आप जानते हैं नर्मदा नदी मध्य प्रदेश में से हो कर आती है और सरदार सरोवर डैम नर्मदा नदी पर है मैं टीकात्मक बात नही कहूंगा लेकिन गुजरात की 5 करोड़ जनता यह आशा रख करके बैठी है कि सरदार सरोवर डैम बन जाए तो हमारी इस पीने के पानी कि समस्या का निराकरण हो जाएगा । पिछले साल, डैम में नीचे पानी था हमने पंपिंग करके पानी दिया । यदि पंपिंग करके बड़ौदा को पानी न देते, दंदुका को पानी न देते , अहमदाबाद को पानी न देते, अमरेली, जूनागढ़, राजकोट, दौराजी, जैतपुर, गौंडल को पानी न देते तो मैं कहूंगा कि करीब 80 लाख लोग पिछले साल हिजरत करके कहीं और चले जाते । यक नर्मदा के पानी ने ही बचाया । डैम जितना भी बना है उसमें पानी भरा था, लेकिन कैनाल में नहीं आ सकता था । गहराई से पानी हमने पंपिंग किया, कैनाल में डाला और वहां से दूरी पर ले गए । यह सरदार सरोवर डैम,पिछले साल इस समय में एनसीए, नर्मदा कंट्रोल अथारिटी ने तय किया कि इस साल दस मीटर ऊंचा डैम लिया जाएगा । पिछली जून से ले कर यह जून आ रहा है, अफसोस से कहना पड़ता है कि अभी तक एक इंच भी नहीं उठा है । सिर्फ विवाद, विवाद और विवाद है । पीने का पानी देने के लिए विवाद, यह राज्यों वाली बात हम कहां तक चलायेगे ? क्या मध्य प्रदेश का आदमी ज्यादा प्यासा है और गुजरात का आदमी कम प्यासा है ? यह कब तक ऐसे चलेगा ? हमारा कहना है कि इसका उपाय सरदार सरोवर डैम के बनने में है । इसके बनने से पूरे गुजरात में हम पाइप लाइन बिछा देंगे । पाइप लाइन बिछाना कोई सरल बात नहीं है, लेकिन आपका और केन्द्र सरकार का सहयोग मिलेगा तो यह उपाय भी हो जाएगा । नर्मदा का पानी हर साल समुद्र में चला जाता है । आखिरी छोर पर गुजरात है यानी आखिरी छोर पर बांध बन रहा है । 40-45 साल से यह बात चल रही है, आज 90 मीटर तक यह डैम बन चुका है । अब 110 मीटर डैम जाएगा तब यह कैनाल में पानी बहेगा । कुल मिला करके 136 मीटर डैम बनाने का है । मैं सरकार से कहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी फैसला दे दिया है, ट्रिब्यूनल ने तो 30 साल पहले फैसला दे दिया । महोदय, सुप्रीम कोर्ट ने भी फैसला दे दिया है । अब यह काम कहां रूका हुआ है ? यह काम कहां रूका हुआ है , कहने से मुझे आक्षेप करना पड़ेगा । लेकिन मै आक्षेप नहीं करूंगा, मैं पूरे सदन को अपील करूंगा और सदन के जरिए संबंधित लोगों को, किं जो प्यासा है उन की प्यास बुझाओ ।

महोदय, पुराने लोग अगर कोई अच्छा काम हो , धार्मिक काम हो तो लोगों की प्यास बुझाया करते थे । प्यास बुझाना एक अच्छा काम था । हम आज पुनः मांग करते है कि गुजरात के लोगों की प्यास बुझाने के लिए सरदार सरोवर डैम जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए । मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि उस में जो भी बाधा हो, उस बाधा का निराकरण कर के गुजरात को छूट दी जाए । उस में मध्य प्रदेश का भी लाभ है, उस में गुजरात का लाभ है, उस में महाराष्ट्र का भी लाभ है और राजस्थान का भी लाभ है । यह चार राज्यों का डैम है जिस से पीने का पानी मिलेगा, बिजली मिलेगी, सिंचाई होगी और सब कुछ होगा ।

महोदय, आज सालों साल से यह काम रूका हुआ है । यह जल्दी से पूरा हो जाए, इस के लिए मैं इस सदन के जरिए केन्द्र सरकार और संबंधित राज्यों व सभी लोगों को अपील करता हूं । धन्यवाद ।

DR. KARAN SINGH (NCT OF DELHI): Mr. Vice-Chairman, Sir, as has been stated by the earlier speaker, among the very serious problems that we face in the country is the drinking water crisis. Millions suffer, every year, from water-borne diseases, particularly, in the rural areas, and also in the semi-urban areas, in the *jhuggi* colonies. Way back in 1987, the United Nations Water Conference had declared that clean drinking water was a basic human right. It is, indeed, sad that 50 years after Independence, millions of our citizens are still deprived of drinking water.

Sir, I have an NGO called the People's Commission for Environment Development (India), and we hold public hearings around the country, all the way from Himachal down to Kerala, from Gujarat to Arunachal Pradesh, and everywhere, without exception, the major problem is drinking water. Whether it is in Jammu, where the people or the women have to walk, even today, eight-ten kilometres in order to get drinking water, or whether it is in Malwa, Indore, Saurashtra or Jaisalmer, it is an extremely painful problem. What are the reasons for this problem? They have already been mentioned. Number one is the growing pollution in our rivers. Our rivers were the basis of our civilisation. But, today, even the Ganga, the *Param Pawini* Ganga, which is supposed to purify everything, has become highly polluted. The *Swachch* Ganga Abhiyan, the Minister would recall, was launched by Shri Rajiv Gandhi when he was the Prime Minister. For some reason, that Abhiyan has disappeared. Tens of crores have been spent on it, and, yet, the water quality of Ganga has not improvadl With growing industrialisation, the Yamuna has become a sewer. All the rivers in India have become polluted.

The second major reason is deforestation. Deforestation is one of the major reasons for the water crisis. It is not often realised that trees are, primarily, producers of water, and only secondarily, producers of wood.

5.00 p.m.

Because, when the forest cover goes, the rain washes the top-soil away and the whole area becomes a desert. Tubewells have increased. Now, I believe, they are over 15 million, as against 4 millions in 1951, and 12 million of these are energised. But what is happening is, as has been mentioned just now, you have got to go down a thousand feet or more in order to get any water, and the water-table around the country is sinking rapidly. This is a very dangerous and disturbing trend. Sir, it is part of the global warming. We are in Delhi. Today, if you walk around, you will yourself see what the global warming is like. It is a world-wide phenomenon, but we are being hit badly by this in India.

Sir, you have rightly mentioned about population explosion. Our population has now crossed one billion mark. Therefore, the need and the requirement of drinking water is much more than before. There is wasteful consumption of water. In this country, unfortunately, nobody puts off the tap. I am sorry to say, even in the Parliament House toilets, where one goes often, I go around turning and closing the taps because the people leave the taps on. You go anywhere in the cities, the taps are left on. It is a criminal act, and, especially, in a country where the people do not get drinking water. We have no civic sense. We have no sense of public education with regard to how to conserve water. This is something that our public toilets are a disgrace. These are some of the factors, briefly, which are responsible for drinking water crisis.

Now, what are the solutions? Again, very briefly-because my time is very limited-the first one is, of course, general environment protection. Unless we look upon water as part of the totality of the environment, we cannot solve the problem of drinking water. We have to look upon it as a massive afforestation programme; as a massive programme of diverting the sewers from our rivers, treat the sewage before it goes back into the river. So, we need a massive programme for improving the environment and afforestation.

Sir, you have rightly mentioned about rain harvesting, ft is a tragedy that we get such a lot of rain in India. We get one of the highest monsoons in the world; and, yet, we are not able to harvest that rain water. Every year, the rain water goes waste and it goes into the mud. I feel that water harvesting should be made essential and obligatory. All these new housing societies and housing colonies that are coming up

should have this technology. This is a low-cost technology, this is not a very expensive technology. But this has got to be made mandatory. The South Indian States, as usual, are doing better than the North Indian States. In Tamil Nadu, they have developed a lot of water harvesting programmes and, perhaps, in Kerala and Andhra Pradesh also. The south is, in many ways, far ahead of the north. What I feel is that we need a massive educational campaign in order to make the common citizen to cooperate in this process of water harvesting. We need to strengthen the existing programmes. You have mentioned some of them, the Accelerated Rural Water Supply Programme, the Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission, the PM's Gramodaya Yojana where drinking water is a component. The Central Ground Water Authority needs to be strengthened. We have to adopt innovative, low-cost, technologies for waste disposal. I would like to mention here the Sulabh Sauchalayas, which are low-cost technology. It can be used and it is being used increasingly. On the one hand, you use less water for sewage disposal, on the other, the obnoxious system of scavenger, which has been the bane of our existence for so many thousands years. Gradually, we can get rid of that also.

Mr. Vice-Chairman, we must encourage breakthrough research in desalination technologies. There is no reason why we always have to look to the West for technological breakthroughs. We have some of the most brilliant scientists in the world. Are they working at the cutting edge of research in developing desalination procedures? At present, there are some; but they are very expensive. If we can make a breakthrough in this area, Nobel Prizes are waiting to be won by the scientists, or, group or team of scientists, who can bring about a major breakthrough in this area. Without that, ultimately, the human race, perhaps, is destined to disaster in the long run, because the population is growing; industrialisation is growing, and water resources are shrinking.

Finally, Mr. Vice-Chairman, the most important element in this whole programme is the involvement of the people, the involvement of the State Governments, local bodies, municipalities, corporations, Panchayati Raj institutions -and NGOs. Unless there is a massive, multi-pronged, national programme, we will not be able to solve this problem. If legislation is required, it is for the Government of India to suggest the legislation. I believe a model Act has been circulated. But it is not enough to circulate it. We have to move further.

Will the Minister, in his reply, assure the nation that this problem of providing clean drinking water to our citizens will receive top priority and there will be a time-bound programme to complete it by 2004 as they have promised and that whatever financial resources are needed whether for Madhya Pradesh or for any other State will be made available through the Plan Budget, the World Bank, the IMF and other institutions and that this major problem which affects the life and well being of citizens and of children yet unborn will finally be solved? Thank you.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY (Andhra Pradesh): Sir, today we are discussing the drinking water problem being faced by the people of the country. It is sad to know that even after 54 years of Independence, we have not been able to provide safe drinking water to all the habitations in our country. So the quality of life of the rural people has yet to be improved. People have been deprived of their legitimate rights. People have been deprived of clean drinking water. The National Agenda for Governance of the Central Government envisages provision of safe drinking water to ail rural habitations in five years. The strategy involves not only coverage of all habitations with safe drinking water systems but also to tackle problems of water quality in affected habitations. Sir, Andhra Pradesh, under the leadership of Shri Chandrababu Naidu, has taken up a massive programme called 'Neeru Meeru', i.e. 'water and you'. It is a massive programme in which many people are involved. The project is about desilting of water tanks, wells and other water sources. This programme has been taken up on a massive scale with the assistance extended by the State Government. Apart from this, the Government of India has sanctioned 58 rural water supply projects in rural areas of Andhra Pradesh under the Sub-Mission Programme. These projects were sanctioned at an estimated cost of Rs. 602 crores to provide safe drinking water to 4,216 affected habitations. At the time of implementing these projects, the cost of these projects had to be revised and the total cost increased from Rs. 602 crores to Rs. 872 crores, the excess amount being Rs. 269 crores.

Out of the excess amount of Rs. 269 crores pertaining to 47 projects, Rs. 71.36 crores was the cost of en-route habitations and infrastructure such as approach roads, staff quarters, land acquisition, etc., which may not be shared by the Government of India. Thus the shareable amount on revision would come to Rs. 198 crores, out of which Rs. 148 crores has to be contributed by the Government of India.

The hon. Minister who hails from Andhra Pradesh is aware of the problems of Andhra Pradesh. I request him to look into the matter. The Chief Minister of Andhra Pradesh also met the Minister of Rural Development and the Prime Minister and requested them to release the amount at the earliest because in our State so many welfare programmes are being taken up. With the meagre funds available at the State level, it is desirable that the Government of India should come forward and extend financial support for completing the ongoing projects.

Sir, a meeting was held on 19-20 October, 2001 under the Chairmanship of the Minister of Rural Development. They had made certain recommendations. Those recommendations should be considered and the State should be strengthened by providing drinking water to the rural areas. Suggestions for a National Water Grid envisaging inter-linking of rivers with a view to transferring surplus water available in some regions to water deficit areas have been made from time to time. The Government of India should re-examine the proposal to solve the supply of drinking water problems as well as irrigation problems.

For example, the river Yamuna flowing through the capital is dead all along its 22 km. stretch between Wazirabad and Okhla. Moreover, the drinking water is so polluted that the outbreak of diseases, like cholera and gastroenteritis, has largely been attributed to the consumption of polluted drinking water. If Yamuna is connected with another river, it can get enough water- and we can provide drinking water to all in the capital. Similarly, the Cauvery river inter-link can save many Southern States from water scarcity. Drinking water scarcity is a perennial problem in certain States like Andhra Pradesh, Madhya Pradesh and Rajasthan. In most places, the water table has sunk to dangerously low levels. The people are being enlightened about water conservation and water harvesting. People are even ready to labour, if need be, to get uninterrupted drinking water supply at the doorstep. In Andhra Pradesh, a Mission called the Water Conservation Mission was launched, under the chairmanship of our Chief Minister, Shri Chandrababu Naidu; Shri Annasaheb Hazare as its Vice-Chairman. They are going round the State and encouraging the people to involve themselves in this project. And, the Government is going all out to ensure that water is provided to all the inhabitants. Sir, apart from this, I urge upon the Government to give top priority to the on-going projects and I request the hon. Minister of Rural Development to see to it that all the projects are completed in time.

Sir, places like the Nalakonda District, in my State, have a peculiar problem. There is fluoride in the drinking water. This fluoride content is so high that people suffer from fluorosis and deformation of teeth, bone, etc. Action should be taken to supply fluoride-free water in such places.

In the end, I request the Government of India to give priority to supply of pure drinking water to all the citizens of India, both in the urban and rural areas, at the earliest. Thank you.

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): Sir, I rise to speak on a very important issue concerning the daily life of all the citizens, and that is the supply and availability of drinking water to the overwhelming majority of our people, the poor, the middle class and the rich and the affluent, right at the doorstep of each family. In 1997, the U.N. Water Conference declared that all the people have a right to drinking water in quantity and quality, equal to their basic needs. Again, a recent U.N. meet examined the relationship between water and poverty. If we are serious about ensuring good public health, we must ensure safe drinking water. And, I must state that water, sanitation and hygiene are the entry points of poverty alleviation in both urban and rural areas. But, in India, despite all the slogans about safe drinking water, a substantial number of people, do not have access to it. . Sir, I do not want to mention the figures. But, as per the 1991 Census, the coverage of municipal water supply in India is stated to be over 75 per cent. But the access to in-house connections is limited to only 35 per cent of the urban households. Millions of people in the countryside suffer from water-borne disease on account of lack of safe potable water and it is the poor who suffer more, because of a higher prevalence of such diseases among them. And, in our dear motherland, even after 55 years of independence, fetching drinking water from distant places by our mothers and children is a common feature. In the drought-affected areas, the suffering of the people can be easily imagined. Questions have been raised here in Parliament about the scarcity of drinking water in Rajasthan and many other parts of the country, including certain places in Delhi. News has appeared about how our mothers and children are passing their days in the Gujarat relief camps.

Sir, in India, almost 90 per cent of drinking water supply in rural areas comes from ground water. A high stress on this system for drinking water anc agricultural purposes has led to a decline of 2-4 metres in ground water lev *;

Even in some parts of the country, it is more than four metres. In the urban areas, even in many metropolitan cities, supply of drinking water through pumped ground water is a common feature. We must abandon this system and quickly replace it with the surface water supply, i.e., treated river water supply. But the condition of all the major rivers, particularly, in the down-stream has sharply deteriorated. In my State and constituency, we have the Ganga and the Hooghly. They have the problem of bank erosion, resulting in heavy siltation, and, in the absence of dredging, it is causing a serious threat even to the supply of raw surface water. The Government should immediately give top-most priority to that aspect. On the other hand, the water of River Yamuna is so polluted that I once heard the U.P. Irrigation Minister saying that the water of Yamuna was not fit for irrigation purposes also.

Sir, there is a huge shortfall in urban infrastructure investment relating to water supply and sanitation. The India Infrastructure Report of 1996 had estimated an annual requirement of Rs.28,000 crores, only in the case of urban population. Compared to that, the total allocation for the schemes during the Ninth Plan period was Rs. 18,624 crores only. So, what to do now? We must have a short-term and long-term programme. The habit of passing the grave national problem on to the limited resources of State Governments and on to the even more resource-handicapped local bodies should be abandoned.

Sir, we have ample water in the form of rain. We must capture every drop of rain water. Where there is no river or lake, we should form water reservoirs and store the water. Can we imagine that Cherrapunji, with its high annual rainfall, suffers from water scarcity for almost six months in a year? The water scarcity in this hot season has taken a bad turn. In the dailies, news is appearing about the deplorable conditions in many States. The Union Government cannot avoid its responsibility by passing it on to the limited resources of the State Governments only.

Sir, the other important issue is how to save the wastage. Apart from educating the people to prevent wastage, a technical answer is also to be found and pursued.

Sir, while concluding, I would like to request the Union Government to discuss it with the State Governments immediately and formulate a common programme to deal with the grave situation. In order to deal with

the acute water scarcity prevailing in many States during this hot season, the Government is urgently requested to take up the matter with the State Governments on a war-footing.

SHRI N. JOTHI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, as a new entrant to this House, I am really surprised to hear about the water shortage being talked about by representatives from those States which have got perennial rivers. Sir, during my school days, my Geography teacher used to ask me about the ten perennial rivers of our country. I used to keep my hands crossed and say, "Sir, the rivers are: Ganga, Yamuna, Narmada, Mahanadi, Brahmaputra, Cauvery, Tungabhadra, Krishna and Godavari." I used to answer like that. Sir, not a single river of this is in Tamil Nadu. We are tapping to the extent of hundred per cent of our resources. That is why we are managing. I can understand myself talking like this. But I am surprised that many Chief Ministers have said that drinking water, potable water is not available in the country. Maybe, there is some problem. But I am sorry to hear this. Today, I am a little shocked. Sir, when we have such perennial rivers in our country, then what is our contribution to the people?

Sir, in our National Anthem, we talk about two rivers. I just quote the exact words, *"vatsal* Yamuna, Ganga", but we are not having water to drink! I am very sorry to hear this. Sir, we, in Tamil Nadu, have no river which originates in our State. We get water only during the rainy season, that too, at the mercy of our neighbours, with whom we want to be very friendly; I don't know whether there is reciprocal cooperation from their side. Mr. Naidu is here. He knows it very well, as he is from my neighbouring State. He is also the Minister in charge of this.

We want to be very, very friendly, because we are at their mercy. For the city of Madras alone, we have spent a thousand crore of rupees, on Telugu Ganga Project*../Interruptions)...*

They are also trying their level best, and I want to be very friendly with the Telugu Desam Party friends. Sir, we are yet to get water in reality. They treat Cauvery river water, which is running through Tamil Nadu, only as a 'flood-carrying-river.' Only during the rainy season, they open the gates and flood us. During other seasons, they close it. I see a different attitude, all over India, when it comes to sharing water with neighbours. They feel happy to let the water into the sea than sharing it with neighbouring States. Sir, that tendency is definitely there. I can say that. I don't want to offend the feelings of some persons, and that is why I am keeping quiet.

My leader may feel a little unhappy, if I go a little farther. We want to be very friendly with others. There should be some meaning in saying 'unity of India', but we are not willing to share water with others. To put an end to all this, the only solution could be connect rivers, and make them a national wealth, and bring it under the control of the Central Government, not under the State. I am always for getting more powers to the States. I am always for the State Departments to have more control, and I am not in favour of the Central Government putting restrictions on the States, but for this one particular aspect.

Rivers should be nationalised and river resources should be in the hands of the Central Government. The Centre should allocate the water. That is what I feel; I say this not because I am thirsty of water or it suits me, but, I feel, a national outlook is required, because neighbouring States are not sharing water with us.

As far as tapping of ground water is concerned, we are, almost, tapping it before it could even fall from the sky. We stretch our hands immediately to get water, even before it could reach the earth. That much is the water harnessing in Tamil Nadu. This is the situation in Tamil Nadu. What solution the Central Government has got for us, I don't know. Mr. Karan Singh, the previous speaker, said that Tamil Nadu is managing the water very well, whereas other States are letting it into the sea. Sir, a scheme has to be evolved at the Central Government level so as to ask the States, which are letting it into the sea, to compel them to share the water with neighbouring States, who require it. A scheme should be evolved. Mr. Naidu, can very well set an example by compelling his own State to start it first. I will be happy. He can set the first example.

As far as harnessing the water is concerned, there is no point in saying' that the water table is going down and all that.' Afforestation is very much important. We are destroying our forests, but we are not improving our forest-acreage. There are so many schemes evolved on paper but they are not put into practice. Sir, I am not taking this opportunity to say anything against the Minister, who is from my own State, Shri T.R. Baalu, but I am very unhappy to say about the afforestation programme. I don't know what that Ministry is doing. As far as our State is concerned, not even a single plant has been ever put on earth, even though the Minister hails from my State. We are lagginTg behind in the administration of forestry. There is only general administration than the real administration of forestry. Sir, it is a project to be coupled with many other departments, not only

harnessing of river waters, but also to see to it that the Ministry of Environment and Forests does a little bit in the matter. In addition, the national unity should be thought of in this matter. We should say to the neighbouring States, "Please share water with your brothers because your brother is doing so much to you in other matters."

Sir, with these words, I appeal to the concerned Minister to have a national outlook, in the matter, because there is an urgent need for it. Otherwise, every summer season, we have to cry, "Please give us water."

Thank you.

श्री अहमद पटेल (गुजरात) **:** उपसभाध्यक्ष महोदय, पेयजल की कमी, जो बहुत ही गंभीर और महत्वपूर्ण विषय है, उसके बारे में जो अल्पकालिक चर्चा हो रही है, उसमें हिस्सा लेने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं और आपने मुझे बोलने के लिए जो समय दिया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

महोदय, इसमें दो राय नहीं है कि जल जीवन के लिए भी आवश्यक है और प्राणियों और पेड़-पौधों के लिए भी आवश्यक है लेकिन विडम्बना यह है कि पृथ्वी का अतीव हिस्सा पानी से ढका होने के बावजूद भी संसार में पेयजल का अभाव है । मै particularly किसी सरकार पर दोषारोपण नहीं करना चाहता लेकिन इतना ज़रूर कहना चाहूंगा कि इस गंभीर समस्या पर जिस तरह से ध्यान देना चाहिए था, वह नहीं दिया गया । आज़ादी के पांच दशक बीतने के बाद और नौ पंचवर्षीय योजनाओं के बाद आज भी हिंदुस्तान में ऐसे कई गांव है या ऐसे कई शहर है जहां पीने का पानी उपलब्ध नहीं है । पानी है तो साफ नहीं है या हर रोज़ मिलना चाहिए तो हर रोज़ नही मिल रहा है । पॉल्यूटेड वाटर है, प्रदूषित है, उसके कारण बीमारियां फैलती है, उस पर मैं बाद में आऊंगा । लेकिन 34 हजार करोड़ रूपये खर्च करने के बाद भी और देश में इतनी सारी राशि खर्च करने के बावजूद, अभी भी यह समस्या वहीं की वहीं है । हमेशा यह कहा जाता है कि या राज्य का विषय है । प्रश्न के जवाब में भी या चर्चा होती है तब भी, लेकिन अभी हमारे साथी एन.जोथी बात रहे थे और बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव उन्होंने दिया कि केन्द्र सरकार जब तक इसमें ध्यान नहीं देगी या ऐसा कोई कानून नहीं बनाएगी तब तक यह समस्या हल होने वाली नहीं है । It is a common practice to dismiss the issue of providing water as a State issue राज्य सभा में भी क्वेश्चन नंबर 159 के उत्तर में 1 अगस्त, 2001 को यह कहा गया था However, legal position in terms of Constitutional provisions is quite different. Article 256 says, "Parliament has exclusive power to make laws with respect to any of the matters enumerated in List - 1 of the Seventh Schedule -- Union List. Now, Entry 56 of List -1 of Seventh Schedule that is Union List reads as follows..." -- I quote -- "...Regulation and development of inter-State rivers and river valleys to the extent to which such regulation and development under the control of the Union is declared by Parliament by law to be expedient in the public interest. Entry-17, under List-2 of Seventh Schedule provides that 'water, that is to say, water supplies, irrigation and canals, drainage and embankments, water storage

and water power subjects to trie provisions of Entry-56 of List-1" और इसलिए मेरा सुझाव है कि Therefore, it is clear that the Central Government is conferred with powers to regulate and develop inter-State rivers and, therefore, I call upon this -Government to utilise its powers for the benefit and welfare of people belonging to scarcity-hit areas, समस्या गंभीर इसलिए है कि युनिसेफ की जो रिपोर्ट है, उसको मैं यहां क्वोट करना चाहूंगा जिसमें कहा गया है कि nearly one million children in India die of diarrhoeal diseases each year direct as a result of drinking unsafe water and living in unhygienic conditions. Some 45 million people are affected by way of quality problems caused by pollution, by excess fluoride f जिसके बारे में केशूभाई अभी कह रहे थे। Arsenic, iron or by the ingress of salt water. Millions do not have adequate quantities of safe water, particularly during the summer months, जिसका ज़िक्र पचौरी जी ने भी किया था।

"In rural areas, women and girls still have to walk long distances, and spend up to four hours every single day to provide the household with water. With increasing opportunities for women to engage in productive employment, the opportunity cost of the time increasingly carries monetary value. If the opportunity cost were taken into account, it would be clear that in most rural areas the households are paying far more for water supply than the often nominal rates charged in the urban areas. These considerations are yet to become a part of the decision-making criteria in water supply programmes". The NGO, Navdanya. जो नई दिल्ली से निकलता है, उन्होंने भी इसी तरह की कुछ बातें की है किस तरह से यह समस्या गंभीर है। इसके बारे में मंत्री जी को भी मालूम होगा। Areas affected by drought are on the increase. As many as thirty of the country's total 35 meteorological sub-divisions suffered from drought in the summer of 2001. In Chattisgarh, 69 lakh people in 9 out of 16 districts; in Gujarat, 291 lakh people in 23 out of 25 districts; in Madhya Pradesh, 95 lakh people in 32 districts; in Orissa, 270 lakh people in 24 districts; in Rajasthan, 330 lakh people in 31 districts out of 32 districts; in Himachal Pradesh, 4 out of 12 districts; and in Maharashtra, 21 districts out of 36 districts. Ground water is being not non-substantably exploited, particularly in Andhra Pradesh, Gujarat, Haryana, Karnataka, Punjab, Rajasthan, Tamil Nadu, and Uttar Pradesh. In areas with extensive monocropping, such as Punjab and Haryana, this exploitation has reached 100 per cent in some districts. In Mehsana, Gujarat, the rate of ground water exploitation has increased by 145 per cent during 1984-1992. The national cost of fetching water is 150 million women days each year, causing a national loss of Rs. 10 million per year. Ninty million days are lost every year due to water-borne diseases. Eighty per cent of the children of India

suffer from water-borne diseases. Of these 7,00,000 die every year. Forty-four million people suffer from problems related to water quality - the presence of fluoride, iron, nitrate, arsenic and salinity. The sale of bottled water is increasing by 30 per cent a year. जब यह समस्या है, ये हालात है तो मैं समझता हूं कि इस विषय में सरकार को गंभीरता से सोचना होगा । जो बजटरी प्रोविजन था, उसके बारे में सुरेश पचौरी जी ने शुरू में ही जिक्र किया है , मैं उसका ज़िक्र नहीं करना चाहूंगा लेकिन खास तौर पर जो तीन-चार चीजे है, उसके बारे में मंत्री महोदय से जानकारी चाहूंगा । राजीव जी का जो टेक्नोलॉजी मिशन था, और जो राशि ईयर मार्क की गई थी, मुझे नहीं मालूम उस पर क्या हो रहा है, मंत्री जी कम से कम अपने उत्तर में इसके बारे में कुछ जिक्र करें । दूसरी बात यह कि जो योजना है एक्सलेरेटड रूरल वाटर सप्लाई प्रोग्राम, वृहत् ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम और टी0 एस0 जी0 वाई (प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना),ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के लिए आप प्रदेश सरकारों को पैसे भेज रहे है । पैसे का क्या होता है ? खर्च होता है या नहीं होता है ? या पैसे कहीं और किसी और काम के लिए डाइवर्ट किये जाते है । इसके लिए कोई मोनिटरिंग सिस्टम है भी या नहीं, अगर इसके बारे में जानकारी मंत्री जी अपने उत्तर में देगे तो मैं उनका आभारी रहूंगा । एक और बात मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि 19, 20 अक्तूबर, 2001 को राज्यों के मंत्रियों की बैठक हुई थी । उसमे कुछ सिफारिशें की गई थी, मैं सदन का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता, जो सिफारिशें हुई थी उसकी रिपोर्ट आपके पास है । उस पर क्या कार्रवाई हुई, उस पर कुछ कदम उठाए गए, कुछ प्रोग्रेस हुई या नहीं, यह भी मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा । मैं खासतौर पर अपने गृह प्रदेश का ज़िक्र करूंगा, जिसके बारे में केशुभाई जी ने बड़े अच्छे तरीके से प्रकाश डाला है, वहां जो स्थिति है, मैं समझाता हूं कि वह बद से बदतर है । पिछले कई सालों में जिस तरह से वहां सूखा पड़ा है, वहां जो नदियां है, वे बरसाती है, बारिश पर आधारित है,बारिश होती है तो पानी मिलता है । खास तौर पर उत्तरी गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ की जो परिस्थिति है, वह काफी भयंकर परिस्थिति है । उसके बारे में सरकार को खास तौर पर ध्यान देना होगा । वहां की स्थिति को मैं बद से बदतर इसलिए कह रहा हूं कि नेशनल पर कैपिटा अवेलेबिलिटी जो है वह 2208 क्यूबिक मीटर है लेकिन गुजरात में पर कैपिटा अवेलेबिलिटी क्या है ? 360 क्यूबिक मीटर । इससे पता चलता है कि वहां की स्थिति कितनी गंभीर है । पानी का जो स्तर है, लेविल है वह बहुत ही नीचे चला गया है । हजारों फीट नीचे से पानी निकालने के लिए ट्यूबवेल लगाना पड़ता है ।

फ्लोराइड की बात की गयी । लोग अपाहिज हो जाते है, लूले, लंगड़े हो जाते है । यहां तक कि केशुभाई ने कहा कि कुछ ऐसे एरियाज है जहां लोग अपनी लड़कियां देने के लिए तैयार नहीं है । एक गंभीर समस्या है । इसके बारे में खास तौर पर ध्यान देना होगा । समस्या तो यहां तक गंभीर है, केशुभाई जी को मालूम ही होगा, जब वे मुख्य मंत्री थे कि पानी के लिए किसान आंदोलन कर रहे थे और उन पर गोलियां बरसायी गयी इससे पता चलता है कि वहां कि स्थिति कितनी गंभीर है । कानून और व्यवस्था की जो परिस्थिति है , वह भी खराब होती जा रही है । पानी के स्रोत खत्म होते जा रहे है । लेकिन पिछले 10 साल में जैसा मैंने शुरू में ही कहा कि यहां की जो योजनाएं है उनके लिए पैसा तो वहां प्रदेश में जाता है, वहां बजट में प्रावधान भी किया जाता है, वहां पर पाइप लाइन है, ओवरहेड टैंक भी है, लेकिन पानी नहीं है क्योंकि उसके लिए जो पैसे चाहिए, बजट में तो प्रावधान किया जाता है, लेकिन पैसे होते नहीं है । 10 साल में गुजरात

में 4 हजार करोड़ का प्रावधान तो किया गया, लेकिन खर्च कितना हुआ ? सिर्फ 2500 करोड़ । कम से कम इन चीजों पर ध्यान देना होगा ।

आज गुजरात के 18 हजार गांवो में से 7300 गांव ऐसे है जो पानी की गंभीर समस्या झेल रहे है । 25 में से 17 डिस्ट्रिक्ट्स झेल रहे है और जो 143 म्यूनिसिपेलिटीज है उनमें से 98 म्यूनिसिपैलिटीज ऐसी है कि जहां पर पानी की समस्या है और जहां पर हर रोज पानी मिलना चाहिए लेकिन या तो हफ्ते में एक बार मिलता है या दो बार । जो भूकम्प आया उसकी वजह से जा पानी के स्रोत थे वे भी बंद हो चुके है । शहरों की हालत तो उससे भी बदतर है क्योंकि म्यूनिसिपैलिटीज के पास पैसे नहीं है, कुछ साधन नहीं है ।

नर्मदा के बारे में, सरदार सरोवर के बारे में केशुभाई जी ज़िक्र कर रहे थे । मैं उनके साथ सहमत हूं । हम सबको मिलकर उसका हल ढूंढ़ना होगा । लेकिन मैं यह भी कहूंगा, कि यहां पर फ्लोर आफ द हाउस में कि वहां के प्रदेश की सरकार ने अगर ध्यान दिया होता,तो जो लीगल बैटल चल रही थी उसमें अगर ठीक तरह से ध्यान दिया होता तो यह परिस्थिति यह स्थिति नहीं होती । राजीव गांधी जो प्राइम मिनिस्टर थे, प्रधान मंत्री थे, मुझे याद है खुद गए थे । इन्वायरनमेंटल क्लियरेंस जो था, वह उन्होंने जाकर दिया था । जोरों से काम शुरू हुआ था । काम शुरू होने के बाद पिछले कुछ सालों में क्यों बदं हो गया ? सिर्फ मध्य प्रदेश की सरकार पर दोषारोपण करना ठीक नहीं है । उससे पहले और भी सरकारें थी, जो आपकी पार्टी की सरकारें थी,उनका रवैया क्या रहा, उसकी ओर भी ध्यान देना होगा । जब प्रधान मंत्री जी चुनावी प्रचार के लिए गए थे, मैं कोई राजनीति लाना नहीं चाहता, लेकिन जब केशुभाई जी ने जिक्र किया तो मैं कहना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री जी ने वायदा किया था – आप भी उस डायस पर थे आडवाणी जी की कैम्पैन के लिए जब गए थे – कि जिस तरह से कावेरी का मसला हमने हल किया है, हमारी सरकार आएगी, हम संबंधित मुख्य मंत्रियों को बैठाएंगे और इसका हल भी तुरंत निकालेंगे । आज उसको भी कितने साल हो गए । मैं समझता हूं कि हम लोग साथ मिलकर यह काम करें । मैं आपके साथ आने के लिए तैयार हूं । सब एमपीज को साथ जाकर, बात करके इसका हल निकालना चाहिए । मुख्य मंत्री जी जो मध्य प्रदेश के है मैं उनका बचाव नहीं करना चाहता हूं । उनको भी जो कहना है, मैने कहा है । उनको भी मैंने चिट्ठी लिखी हुई है । लेकिन उन्होंने गुजरात के जो नये मुख्य मंत्री थे, मोदी जी के साथ बैठकर , अमर सिंह चौधरी की प्रेजेंस में जब लीडर्स गए थे, उनके साथ बैठकर बात की और उन्होने आश्वाससन दिया कि उसके बारे में जो भी सहयोग देना होगा, सहयोग देने के लिए हम तैयार है । सिर्फ दोषारोपण से काम नही चलेगा । बैठकर उसका मेरे ख्याल से कोई रास्ता निकालना होगा और उसमें हमारी तरफ से जो सहयोग देना है उसके लिए मैं उनके साथ सहमत हूं । जब तक सरदार सरोवर नहीं होगा तब तक गुजरात का पानी का मसला हल नहीं होगा । यह बहुत ही जरूरी है यह हमारा प्राण प्रशन है । इसके लिए गुजरात के लोग कुछ भी करने के लिए तैयार हैं और उसमें हम गुजरात के लोगों के साथ है । लेकिन उसके साथ-साथ जब सरदार सरोवर पर नहीं हो रहा था तो एक योजना बनी थी जब कांग्रेस की सरकार थी, नर्मदा से पाइप लाइन ले जाकर सरदार सरोवर और बाकी एरियाज में देगें । मुझे नहीं मालूम उसके बाद उस योजना का क्या हुआ । क्यों बंद हो गयी, क्यों बंद कर दी गयी ? उन्होंने चेक डैम्स के बारे में ज़िक्र किया । चेक डैम्स 40 और 60 का जो रेशियों है , उसमें बनाना बहुत अच्छी बात है । 14 हजार मेरे ख्याल से है या हजारों चेक डैम्स बने है ऐसा कहा जाता है । मुझे नहीं मालूम कि चेक डैम्स की क्या स्थिति है,

क्या हालात है । कम से कम उसके बारे में भी थोड़ा सर्वे होना जरूरी है । पता नहीं अगर ज्यादा बारिश हो गयी तो चेक डैम्स की क्या हालत होगी, यह अगर वहां के लोगों से पूछेंगे तभी पता चलेगा कि वहां के चेक डैम्स की क्या स्थिति है । नतीजा तो तब आता है जब चेक डैम में पानी आ जाए और वहां के लोगों को फायदा हो । यह बहुत जरूरी है । इसके बारे में मैं समझाता हूं कि खास तौर पर सोचना होगा । मैं सदन का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता, लेकिन जो कुछ सुझाव है, खास तौर से ड्रिंकिंग वॉटर क्राइसेस के बारे में, उन्हें मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय के सामने रखना चाहूंगा । There is an urgent need for effectively implementing water harvesting schemes, जिसके बारे में शुरू में ही जिक्र आया था, and, particularly, rain water, so that the ground water table could be brought up. Major rivers of the country are required to be connected with each other, so that a water grid can be established, and water can be supplied to scarcity-hit areas from such grids, via a network of canals. There is a need to encourage traditional methods of water storage like lakes, wells, and water tanks. Nowadays, there is a tendency to level out such structures for real estate purposes. Prohibition must be imposed on such activities. Drinking water must be supplied through pipelines, where there is no source of water, and efforts should also be made towards exploring new avenues for finding out the source. Important and crucial projects like Sardar Sarovar Yojana must be given prime importance. Possibility of employing innovative technologies like reverse osmosis, membrane technology and desalinisation plants खास तौर से कच्छ एरिया में और बाकीजगह पर यह करने की जरूरत है । कुछ शुरू हुआ है, उसको आगे चलाने की जरूरत है, for converting saline and non-potable water into potable water has to be explored for implementation in coastal and no-source areas. I believe that even the economic viability of such technologies will compare favourably with that of laying long distance pipelines and creating pumping facilities. The Central Government should provide huge financial resources to local self-government bodies, and make it a joint effort. क्योंकि आज पंचायत म्युनिसिपैलिटी के पास पैसा ही नहीं है । जब तक उनके पास पैसा नहीं आएगा तब तक मेरे ख्याल से जो उनके लिए योजनाएं हैं वे कागजो पर ही रह जायेंगी और उनका इम्प्लीमेंटेशन करना मुश्किल हो जाएगा ।

ये मेरे कुछ सुझाव थे जो मैनें आपके और सदन में सामने रखे है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, पानी का सवाल आदमी की जिन्दगी के लिए सब से जरूरी सवाल है । पानी केवल हमारे पीने के काम ही नहीं आता, बल्कि हमारे खाने के लिए भी मदद करता है । आम तौर से जमीन के नीचे का पानी और कुछ साफ नदियो का पानी तो हम पीते है लेकिन ऊपर का पानी और नीचे का पानी हम अपने खेतों में इस्तेमाल करते है । इसलिए मैंने कहा कि पानी का सवाल इंसान की जिन्दगी के लिए बहुत

महत्वपूर्ण है । यह सवाल शायद कभी हल नहीं हुआ और न इसको हल करने का प्रयास किया गया । जब यह गर्मी का मौसम आता हैऔर कहीं-कहीं पेयजल के बारे में जब लोग संकट मे पड़ते है तो पार्लियामेंट में एक लंबी सी बहस छिड़ती है, उसके अलावा कोई मुस्तकिल इंतज़ाम नहीं होता । केन्द्र सरकार पानी के मामले में बहुत असहाय है । आम तौर से वह बोल देती है कि यह राज्य का विषय है, हम कुछ नहीं कर सकते है । कई जगह पानी के विवाद भी है । नदियों के पानी के विवाद कहीं कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच में, कहीं आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक के बीच में, कहीं मध्य प्रदेश बनाम गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान के बीच में, इधर उत्तर में सतलुज यमुना को ले करके पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच में और कभी-कभी तो इतनी मद्दी बोली सुनने को मिलती है कि खून की धारा बह जाएगी, लेकिन नदी का पानी नहीं जाएगा । अभी हमारे तमिलनाडु के मित्र बोल रहे थे कि हमारे यहां पीने के पानी का बहुत संकट है, खास तौर से चेन्नई में, लेकिन मैं जानता हूं कि जब पांडिचेरी को पानी देने की बात उठती है तो वहां पर भी नाक-भौंह सिकोड़ा जाता है ।

राज्य आपस में उलझते है और केन्द्र सरकार असहाय की तरह रहती है । वह कहती है कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है, यह राज्य का विषय है । महोदय, यह रोना दिल्ली में बैठकर कितने दिनों तक रोया जाएगा । महोदय, पानी इंसान की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण सवाल है और पानी न केन्द्र सरकार ने पैदा किया है और न राज्य सरकार ने पैदा किया है । यह तो कुदरत ने पैदा किया है । मैं जानता हूं कि राज्य सरकारें नहीं मानेगी, लेकिन कहीं न कहीं तो दखल देना पड़ेगा । महोदय, हद से हद ये लोग दखल देते है आर्बिट्रेशन विठालकर, इस ज्यादा नहीं । लेकिन दखल देना पड़ेगा क्योंकि मुझे याद है सन् 1946-47 या और पहले सन् 1930-32 में जो देश की आबादी थी, उस के लिए जितना पानी नदियों में बहता था, जितना पानी आसमान से गिरता था और उस समय शायद 10-15 करोड़ की आबादी रही होगी,लेकिन आज भी उतना ही पानी बहता है, उतना ही बरसात का पानी आता है, तो क्या आप उस का प्रबंधन केवल राज्यों को , जिलों को या छोटी-छोटी इकाइयों पर छोड़ेंगे ? यह खतरनाक बात होगी । महोदय, मैं खास तौर पर जमीन के नीचे के पानी के बारे में कहता हूं कि जमीन के नीचे का पानी जो लोग इस्तेमाल कर रहे है, उस में एक अपराधवृति आ गयी है । जमीन के ऊपर के पानी पर अगर हम कोई नाजायज हरकत करें तो हम पर आपराधिक मुकदमा जाफ्ता फौजदारी ताजेराती हिंद की कितनी ही दफाओं में चलेगा, लेकिन मिट्टी के नीचे के पानी के बारे अगर हम कोई अपराध करें तो हमारे ऊपर मुकदमा चलाए जाने की कोई धारा नहीं है, कोई कानून नहीं है । उपसभाध्यक्ष जी, मान लो कि यहां हमारा घर है और हम ने उस में ट्यूबवेल खुदवा किया या पंपिंग सेट लगवा लिया । तो हमारे घर के पानी से हम 50 घर नीचे जो पानी बढ़ रहा है, वह पंपिंग सेट से खींच लेंगे । महोदय, हम आप के दरवाजे से सामान लेकर भाग जाएं तो पुलिस जेल में डाल सकती है, लेकिन आप की जमीन से पानी चुरा लें तो हमारे ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हो सकती । इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि जो जमीन के नीचे के पानी का दोहन हो रहा है, इस को अपराध की श्रेणी में लेने की आप कोशिश कीजिए । इस संबंध में कोई कानून बनाइए । यह कहकर मत छोड़ दीजिए कि हम ने राज्य सरकारों को एक दस्तावेज सर्कुलेट किया है, राज्य सरकारें उसे माने या न मानें । महोदय, हम ने कई बार दस्तावेज पढ़ा है जिस में आप कहते है कि महाराष्ट्र की सरकार हमारी कुछ बातों को मानती है, लकिन दूसरी कोई राज्य सरकार नहीं मानती है । महोदय, जब देश आजाद हुआ था तो हम 40 करोड़ थे और आज 115-120 करोड़ हो गए है, लेकिन पानी उतना ही है बल्कि वह पहले से

बहुत ज्यादा गंदा हुआ है ।उपसभाध्यक्ष महोदय, पजांब की खेती व हरियाणा की खेती और वहां के जमीन के नीचे के पानी के बारे में बहुत चर्चा होती है, लेकिन उस में पता नहीं कितने रसायन मिल गए है । वहां जमीन तो पहले से ऊसर थी और पानी गंदा है, लेकिन गहन खेती होती है । महोदय, बरसात के मौसम में उसी मिट्टी से छनकर जब पानी नीचे जाता है, तो वहां खाद पड़ी है, रसायन पड़ा है तो वह पानी हमारी सेहत पर असर डालेगा या नहीं ? पैदावार बढ़ाने के लिए चाहे वह गेहू की हो या धान की हो, हम खाद का इस्तेमाल करेंगे या नही ? तो फिर पानी बरसेगा और ज़मीन में जब्त होगा । लेकिन उपसभाध्यक्ष जी सारा बरसात का पानी भी जमीन मे जब्त नहीं होता । जो पानी बरसता है, उस का 65-70 सैकड़ा पानी समुद्र में बह जाता है और केवल 30 सैकड़ा पानी हमारे पास बचता है । फिर पानी जमीन के भीतर चला जाता है या नाल वगैरा में चला जाता है क्योंकि तालाब तो अब रहे नहीं है । वहां जितने ताकतवर लोग थे, उन्होंने तालाबों पर कब्जा कर लिया और खेती कर रहे है या उस पर मकान बनवा लिया है । सरकार ने पट्टा कर दिया । आज तालाब नाम की कोई चीज कहीं नहीं है । हम बहुत ठीक से देखते है, हम पानी के दर्द को इसलिए भी ज्यादा जानते है, उपसभाध्यक्ष महोदय, कि जब हम ग्यारहवें, बारहवें दर्जे में पढ़ते थे तो हमारे घर का कुंआ गर्मी के दिनो में आठ बजे के बाद सूख जाता था, इसलिए हम सबेरे बीस-पच्चीस बाल्टी पानी खींचकर अपनी मां के लिए, अपने बाप के लिए,अपनी दादी के लिए रख देते थे । दरवाजे पर एक दो बैल होते थे, उनके खाने पीने के लिए भी रखते थे । उस कुआं में आठ बजे के बाद कीचड़ हो जाता था । यह दर्द हमारा बहुत दिनों का है, गर्मी के दिनों का है । कई बार हम सोचते थे कि इसकी सफाई की जाए । कभी कभी दस दस, पन्द्रह पन्द्रह साल मे उसमें से मिट्टी निकाली जाती थी, जो दो चार साल चलती थी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मांग की जाती है कि नदियों की सफाई करा दो, तालाबों की सफाई करवा दो, बहुत गाद भर गया है, थोड़ा काम चल जाएगा, लेकिन अफसरों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती । यह आफीसर, जो गैलरी में बैठे है, मैं इनकी बात नहीं कर रहा बल्कि जो जिलों में कलेक्टर, इंजीनियर वगैरह है उनकी बात कर रहा हूं । वह सोचते है कि ये सूखा तो दस दिनों के लिए आया है, उसके बाद बरस जाएगा तो सब ठंडा हो जाएगा, कोई नहीं बोलेगा । यह चलन हो गया है, यह हिन्दुस्तान की नौकरशाही की सोच हो गई है । इसी तरह बाढ़ के दिनों में यही चलन है कि दस दिनों के बाद बाढ़ का पानी चला जाएगा, कोई इस पर हल्ला नहीं मचाएगा, दस दिनों तक चुप रहा जाए । थोड़ा बहुत काम कर देते है । यह आफत हर साल आ रही है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कई मित्रों ने कहा है कि बच्चें बीमार पड़ते है, पानी में कई तरह के रसायन होते है । नीलोत्पल बसु जी बैठे है, अगर बनारस से गंगा नदी का पानी लेकर बोतल में रख दिया जाए तो उसमें पांच साल तक, चार साल कम कीड़ा नहीं पड़ता है, लेकिन जब वहीं गंगा नदी बंगाल में जाती है तिरसा नदी बन कर तो उसके नीचे जो पानी बहता है उससे जो आदमी नहाते है उनको चमड़ी के रोग हो जाया करते है, कलकत्ता जाते जाते गंगा बूढ़ी हो जाती है, बनारस तक गंगा जवान रहती है । बुढ़ावे में जो रोग लगता है, उस नदी को भी रोग लग गया, जिसके पानी को बोतल में रखने पर आठ साल तक, दस साल तक कीड़ा नहीं लगता। यह पानी का भी चरित्र होता है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सरदार सरोवर के बारे में केशुभाई जी बहुत जोर से बोल रहे थे। यह जो राज्य सरकार की सरहदें हुआ करती है, वहां अपने अपने स्वार्थ के लिए काम होते है, लेकिन यह संसद है। हमको याद है, जिन दिनों हम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पर दबाव डालते थे कि इस बांध को थोड़ा बढ़ाने दो, पानी आगे जाने दो, आगे राजस्थान भी है, तो वह राजी नहीं होते थे। हमको यह भी याद है कि जब हमने गुजरात की सरकार को कहा, मुख्यमंत्री ने कहा, कि हमारे यहां पाइप-लाइन आ जाने दो हम कोई काम अपने सूबे में शुरू करेंगे तो गुजरात के लोगों ने कहा कि तुम्हारे सूबे में पाइप लाइन नहीं जा सकती है। यह एक प्रवृत्ति होती है, दौलत को समेट कर रखने की इंसानी प्रवृत्ति होती है। हमारे पास जो दौलत होगी तो उसे हम अपने लिए छिपा कर रखेंगे। लेकिन, यह इंसान की जिंदगी का सवाल है, इसलिए सूबे की सरहद से ऊपर उठकर सोचना होगा और इसे केन्द्र की सरहद में लाना होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पिछले बीस-पच्चीस साल से इलाहाबाद शहर से एम.पी.होकर आने लगा था बल्कि और ज्यादा, तीस साल से लोकसभा में आने लगा था। हमारे यहां बुंदेलखंड की पहाड़ी है। वहां से लोग जानवर छोड़कर भाग जाते है और जानवर बिना पानी के मर जाते है। लोगों को पानी नहीं मिलता, इसलिए अपना इलाका छोड़ कर शहर की तरफ चले आते है। बांदा होकर, सतना होकर, झांसी तक, पूरा बुदेंलखंड पानी के चक्कर में पड़ जाता है। हर साल गरमी के दिनों में वहां के कलेक्टर, वहां के कप्तान को लोग घेरते है और वहां अधिकारी पानी के टैंकर लेकर आते है। कैसे इस तरह काम चलेगा ? चल ही नहीं सकता। एक बार हमने सोचा कि पत्थर निकाल के पानी निकाल दिया जाए क्योंकि पत्थर के नीचे भी पानी है। यह जो पथरीले इलाके में लोग पानी की बात करते है, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि पत्थर के नीचे भी पानी है, पत्थर खुदवाकर भी पानी निकाला जा सकता है। बहुत बड़ी मशीन होती है। तो हमने 4-6 जगह खुदवाया , उस सरकार ने यहां तक नहीं किया कि चालू करवा दे। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। अभी तो राज्य लड रहे है, लेकिन पानी का संकट जिस तरह से बढ़ रहा है, इस बारे में एक दार्शनिक ने कहा था कि यह विश्व युद्ध का रूप ले लेगा। इसलिए अपने यहां के पानी के बारे में भी सोचिए। बहुत सी नदियां है जो कई देशों से बहकर आती है। कोई चीन से बहकर आती है। गंगोत्री भी हिन्दुस्तान में नहीं है, यमुनोत्री भी हिन्दुस्तान में नहीं है, चीन से बहकर आती है। कोई पाकिस्तान से बहकर आती है, कोई नेपाल से बहकर आती है। पानी के सवाल पर हम अगर अपने राज्य के दायरे में घिरकर लड़ते रहेंगे तो दूसरे देश अपने राष्ट्र के दायरे में घिरकर क्यों नहीं लड़ेंगे ? हमको अपना आचरण अदलना पड़ेगा। मैं चाहूंगा कि जमीन के नीचे का पानी निकालने के बारे में एक सख्त कानून बनना चाहिए। इतना सख्त पहले मत बनाइए कि सीधे ही जेल भेज दें, लेकिन जो कोई भी टयूबवैल या पम्पिंग सैट लगाता है, उसके ऊपर बंदिश होनी चाहिए कि पहले वह अपनी सरकार और अपने कलैक्टर से परमिशन ले, तब वह लगाए। सरकार और कलैक्टर के पास सिचांई विभाग या जल विभाग के इतने इंजीनियर होने चाहिए कि वे जांच करें कि नीचे कितनी दूर तक पानी है और यह कितनी दूर के पानी को प्रभावित करेगा। इसके बाद भी अगर कोई जोर-जबर्दस्ती करता है तो दो-चार साल के बाद 6 महीने या साल की सजा के साथ कानून बनाना पड़ेगा, तभी ज़मीन के नीचे के पानी का दोहन रोका जा सकता है।

दूसरा मैं वाटर शैड के बारे में कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में, मुम्बई वगैरह में यह बहुत सफल हुआ है। हमारे यहां भी राष्ट्रपति भवन में यह बड़ा सफल हुआ है और जो वहां

6.00 p.m.

पानी गिरता है तो उससे उनके बगीचे की हरियाली बहुत अच्छी होती है । जेलों में भी हुआ है । ऐसा नहीं है , कि नहीं हुआ है, कहीं- कहीं इसका प्रयोग भी हुआ है । मैं पूछना चाहता हूं कि जितने हमारे एम.पी.या मिनिस्टर लोगों के बंगले है, इन पर यह इंतजाम या प्रयोग नहीं हो सकता ? क्यों इनको खाली रखा गया है ? वह पीने का काम तो नहीं आएगा, लेकिन बाग-बगीचा सींचने और हाथ-मुंह धोने के काम तो आएगा । यह जो हमारी अरावॅली वाली पहाड़ी है, वहां पानी बिल्कुल नहीं चढ़ता । उधर बहुत से बंगले हैं जिन पर यह इंतजाम किया जा सकता है, लेकिन हम लोग नहीं कर पाए । ...(समय की घंटी)...

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे इस विषय पर लम्बा नहीं बोलना है,एक-दो सुझाव ही देने थे । एक तो सख्त कानून बने और दूसरा केन्द्र को साफ-साफ राज्यों से कह देना चाहिए कि हिन्दुस्तान की जनता केवल तुम्हारी ही नही, हमारी भी है । अगर वह पानी बिना मरने लगे तो उसकी हिफाज़त का जिम्मा हमारा भी है और यह ज़िद मत करो कि यह राज्य का विषय है, पानी के अभाव में केन्द्र किसी को मरने नहीं देगा और जरूरत पड़ेगी तो कड़े से कड़ा कानून बनाकर उनकी हिफाज़त करेगा । धन्यवाद ।

श्री सुरेन्द्र लाठ(उड़ीसा)**:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी सबसे पहले मैं आपका आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने मुझे सदन में अपनी बात रखने का समय दिया । मै इस सदन का एक नया सदस्य हूं, इस नाते यहां उपस्थित सभी सदस्यों से सहयोग की कामना करता हूं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस विषय पर हम चर्चा कर रहे है, वह बहुत गंभीर विषय है । स्वाद्यीनता के 54 साल बाद भी हम इस देश के नागरिकों की पीने के पानी की समस्या का हल नहीं निकाल पाए । जल मनुष्य के लिए बहुत आवश्यक है, जल ही जीवन है, एवम् जल के बिना मनुष्य जी नहीं सकता । महोदय, जिस समय केन्द्र में एनडीए की सरकार आई थी, उन्होंने अपने नेशनल एजेंडा फार गवर्नेंस में संकल्प लिया था कि हम पांच साल के अंदर इस देश की पीने के पानी की समस्या का हल ढूंढ निकालेंगे और इसके लिए पूर्ण प्रयास करेंगे । सरकार ने इसके लिए बहुत सारे कार्यक्रम लिए, योजनाएं बनाई, योजनाओं का सुफल भी मिल रहा है लेकिन चूंकि पीने के पानी का विषय राज्य सरकारों के अधीन है, इसलिए जो भी केन्द्र सरकार की योजना बनती है उसके कार्यान्वयन का दायित्व राज्य सरकार पर होता है, इसीलिए कभी-कभी जो योजनाएं बनती है वे ठीक समय पर लोगों के पास नहीं पहुंच पाती है । महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप जो भी सहायता या इन कार्यक्रमों के लिए जो भी धन राज्य सरकारों को देते है, आप यह सुनिश्चित कीजिए की वह धन समय पर खर्च होता है या नहीं और जिस कार्यक्रम के लिए दिया गया है , उस पर खर्च किया जाता है या नहीं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, योजना के कार्यन्वयन में देरी होने के कारण लोगों को जो लाभ मिलना चाहिए, वह उन्हें नहीं मिल पाता है । मैं ऐसे प्रदेश से आया हूं, जिस प्रदेश की 47 परसेंट जनता गरीबी की रेखा के नीचे रहती है । उस प्रदेश में हर दूसरे साल सूखा पड़ता है और हर तीसरे साल बाढ़ आती है । इतना ही नहीं, ढाई साल पहले जिस प्रकार का तूफान उड़ीसा में आया था, उस तूफान से हमारे प्रदेश की सारी अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी । आज उड़ीसा के लोग इन प्राकृतिक विपदाओं से लड़ रहे है । इसके साथ ही प्रदेश के अधिकांश भाग

में पीने के पानी की गंभीर समस्या है । विशेषकर पश्चिमी भाग में पीने के पानी की गंभीर समस्या है, जहां आज भी पीने के पानी के लिए लोगों को 5-5 किलोमीटर, 10-10 किलोमीटर तक चलकर जाना पड़ता है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे प्रदेश के बहुत सारे क्षेत्रों में पीने के पानी की व्यवस्था रेलवे वैगंस के माध्यम से भी की जाती है । इसमें हमें मालूम पड़ता है कि पीने के पानी की समस्या इन क्षेत्रों मे कितनी गंभीर है । महोदय, पीने के पानी के अभाव में इस क्षेत्र में लोग गंदा पानी पीने को विवश होते है और इसके कारण कई प्रकार की बीमारियां फैलती है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी हाल ही में योजना आयोग ने नेशनल हूमन रिसोर्स डेवलपमेंट पर एक पुस्तक प्रकाशित की है, उसमें भी कहा गया है कि उड़ीसा के केवल 32 परसेंट लोगों को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध है, जब कि राष्ट्रीय औसत 62 परसेंट है । इसलिए उड़ीसा की स्थिति बहुत गंभीर है । केन्द्र के द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को धन के अभाव में राज्य सरकार ठीक प्रकार से क्रियान्वित नहीं कर पा रही है । इस प्रदेश की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है और इसके कारण मैंचिंग ग्रांट का जो धन है, वह ठीक समय पर न देने के कारण किसी योजना का कार्यान्वयन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है । इस प्रकार राज्य की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पीने के पानी का कार्यक्रम पिछड़ता जा रहा है ।

महोदय, मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार ग्राम सड़क योजना का कार्यक्रम अपने हाथ में लिया है, उसी प्रकार प्रदेश के स्तर पर ऐसे कार्यक्रम हाथ में लिए जाएं और इन कार्यक्रमों को 100 प्रतिशत केन्द्रीय कार्यक्रमों के रूप में लिया जाए तथा इन कार्यक्रमों के लिए जितनी धनराशि की जरूरत हो, वह 100 प्रतिशत धनराशि केन्द्र सरकार उपलब्ध कराए । मेरी मान्यता है कि ऐसा करने से ही राज्यों में इस समस्या का समाधान हो सकेगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज देश में 40 परसेंट पीने का पानी ट्यूबवैल या हैंडपंपों के माध्यम से आ रहा है लेकिन अगर आप गौर से देखें तो इन ट्यूबवै लों में से लगभग 50 प्रतिशत ट्यूबवैल उचित रख-रखाव के अभाव में बदं पड़े रहते है । पानी का स्तर निरंतर गिर रहा है और बाकी जो ट्यूबवैल्स है, उनसे भी कभी-कभी पानी नहीं मिल पाता है ।इसका एक मुख्य कारण उस अंचल में जगंलों का काटना भी है । लोगों द्वारा अंधाधुंध पेड़ काटने से जंगल समाप्त होते जा रहे है और इसके कारण पानी का स्तर नीचे गिरता जा रहा है । इसके लिए केन्द्र सरकार को कोई योजना बनानी चाहिए और जंगलों को काटने के विरूद्व कठोर से कठोर कार्यवाही करनी चाहिए । इसके साथ ही सरकार को जल-स्तर को ऊपर उठाने के कार्यक्रमों पर भी ध्यान देना चाहिए । वाटर शैड मैनेजमेंट या फिर साइंटिफिक रूफ वाटर हारवेस्टिंग जैसे कार्यक्रम को प्रोत्साहन देना चाहिए । इस काम के लिए गैर सरकारी संगठनों की भी सहायता लेनी चाहिए और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से इस काम में लोगों की सहभागिता बढ़ानी चाहिए ।

उपसभाध्यक्ष जी, इन सब कार्यक्रमों को अमल में लाने के लिए लोंगों में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है । यह काम केवल गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से ही हो सकता है । इसलिए सरकार को इन कार्यक्रमों को गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से ठीक से कराना चाहिए

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं फिर एक बार आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह उड़ीसा जैसे गरीब प्रदेश को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग दे । मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि सरकार इस बारे में उचित ध्यान देगी । आज यह जो चर्चा हो रही है मुझे विश्वास और आशा है कि आने वाले दिनों में इस गंभीर समस्या को हल करने में यह सहायक होगी । धन्यवाद ।

प्रो. रामदेव भंडारी (बिहार) **:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने बहुत ही महत्वपूर्ण विषय, पीने के पानी की समस्या पर, चचा्र प्रारम्भ की । कई माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है । मनुष्य की कुछ मूलभूत बुनियादी समस्याएं होती है, आवश्यकताएं होती है, जिनमें रोटी, कपड़ा,मकान और इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और दूसरी समस्याएं है । आदरणीय जनेश्वर मिश्र जी बैठे हुए है, हम लोग इनका भाषण कराते थे, ये भाषण देने के लिए हमारे क्षेत्र में जाते थे, हमारे नेता रहे है, अभी भी नेता है । ये हमें नारा देते थे, रोटी, कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिन्दुस्तान पता नहीं उसमें पानी कहां रह गया । शायद उस समय सोचा गया होगा कि जब रोटी मिलेगी तो उसके साथ-साथ पानी भी मिलेगा । उस समय ऐसी कल्पना नहीं की गई होगी कि आजादी के 54 वर्ष के बाद भी हम अपने देश के नागरिकों को पीने के लिए शुद्व पानी मुहैया नहीं करा पायेंगे । यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है ।

महोदय, हम हर वर्ष इस सदन में इस विषय पर चर्चा करते है । सरकार कोई भी हो, किसी भी पार्टी की सरकार हो, केन्द्र की सरकार हो या राज्यों की सरकार हो, उनका दायित्व होता है, उनकी जवाबदेही होती है कि अगर हम दोंनों टाइम रोटी नहीं दे सकें, पूरे शरीर को कपड़ा नहीं दे सकें, रहने के लिए घर नहीं दे सकें तो कम से कम पीने के लिए पानी तो उपलब्ध करा दें ।

उपसभाध्यक्ष महोदय,इस विषय पर जो आपने चर्चा आरम्भ की है, उसके लिए मैं एक बार फिर से आपको धन्यवाद देना चाहता हूं । ऐसी बात नहीं है कि इस ओर सरकार ने ध्यान नहीं दिया है, नौवी पचंवर्षीय योजना में इस लक्ष्य को ध्यान में रखा गया था कि देश के सभी गांवों में पीने का पानी उपलब्ध कराया जाये । इस सरकार के राष्ट्रीय एजेंडा में भी ऐसा कहा गया है कि 2004 तक सभी ग्रामीण बस्तियों में पीने का पानी मुहैया करा दिया जायेगा । आपने भी चर्चा की थी कि इन्होंने अपने मेनीफेस्टों में कहा है कि हम इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि अगले पांच वर्ष में सभी गांवों में पीने का पानी उपलब्ध कराया जाये । महोदय, हमारे यहां वर्षा की कमी नहीं है । हमारे यहां पर मानसून में अच्छी वर्षा होती है । इसके बावजूद भी हमारे यहां पीने का पानी नहीं है, पीने के पानी की कमी है । ऐसा लग रहा है कि जितना हम चाहते है कि इस समस्या का समाधान करें, उतनी ही समस्या गंभीर होती चली जा रही है । ग्रामीण विकास मंत्रालय का दावा है कि 95 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों में पीने के पानी का कवरेज हो गया है यानी पीने का पानी मुहैय कराया जा रहा है । बिहार के बारे में भी एक जगह मैं रिपोर्ट देख रहा था, वहां भी शत प्रतिशत पीने के पानी की बात की गयी है । पता नहीं सरकार का हमसे या बिहार से क्या तकलीफ है कि लगभग 400 करोड़ रूपया हमारा इन पर बाकी है । कहते थे कि पंचायत का चुनाव नहीं हो रहा, इसलिए मैं पैसा नहीं दे रहा हूं । महोदय, हमारे यहां पंचायत का ही नहीं, नगर पंचायत, म्यूसिपैलिटी, कारपोरेशन- इन सारी संस्थाओं का चुनाव हो गया है । अब

तो मंत्री जी कम से कम हमारा पैसा हमें दे दें । सरकार का कहना है कि 95 प्रतिशत गांवों में कवरेज हो गया है मगर एक एजेंसी की रिपोर्ट है,जो इंडीपेंडेंट एजेंसी है, उसका कहना है कि आधे से अधिक गावं ऐसे है जिनमें अभी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं हुई है । दूसरी समस्या यह है कि जहां पीने का पानी है भी, गावं में, चापाकल के माध्यम से, हैंडपम्प के माध्यम से, वहां एक और समस्या है और वह है पीने के पानी की गुणवत्ता की समस्या । अभी पैंटेल साहब बोल रहे थे, मुझे भी टी.वी. में देखने का मौका मिला कि एक ऐसा गावं भी है, जहां पानी की वजह से बच्चे विकलांग पैदा होते है जो यहां पर नौजवान है, बूढ़े है, उनके पांव की हड्डी या हाथ की हड्डी,कहीं न कहीं से वह टेढ़-मेढ़े जरूर दिखाई देते है । पानी की गुणवत्ता की यह स्थिति है । महोदय, शहरों की भी कोई अच्छी स्थिति नहीं हैं । खास करके शहर में जो झुग्गी झोंपड़ियां है, गंदी बस्तियां है, उन्हें पानी मुहैया नहीं होता । एक माननीय सांसद कह रहे थे कि घंटों की बात तो छोड़ दीजिए, कई कई दिनों तक पानी मुहैया नहीं होता । अगर होता भी है तो आधा घंटा, एक घंटा या दो घंटे के लिए होता है । बड़े-बड़े लोग तो मिनिरल वाटर पीते है । पीने के पानी के संबंध में उनके लिए कोई कठिनाई नही है, वे मिनिरल वाटर पीते है । मगर जो गरीब लोग है, जो मध्यम वर्ग के लोग है, जो अपनी आमदनी से मिनिरल वाटर नहीं खरीद सकते, उनके प्रति हमारा दायित्व होता है कि पीने के पानी की हम व्यवस्था करें । अभी सम्मेलन की चर्चा की गयी । 20 अक्तूबर, 2001 को जो सम्मेलन हुआ था, उसकी सिफारिशों में से एक मुख्य सिफारिश की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । पहले पानी का एक मापदंड था कि किस बस्ती का हम इस बात का प्रमाणपत्र देंगे कि उस बस्ती में पीने का पानी मुहैया किया जा चुका है । उसके लिए यह मापदंड था कि 1.6 किलोमीटर से कम दूरी से अगर पानी लाया जाये, प्रति दिन प्रति व्यक्ति का 40 लीटर पानी मिल जाए या पहाड़ी क्षेत्र में एक सौ मीटर की ऊंचाई का अंतर हो । मगर उस सम्मेलन में सिफारिश हुई और 1.6 किलोमीटर के बदले में 5 किलोमीटर रखा जाये, पहाड़ी क्षेत्र में जो एक सौ मीटर ऊंचाई का अतंर था, उसको पचास मीटर रखा जाये और जो चालीस लीटर पानी की बात थी, उसको उन्होंने हमारे अहमद साहब ने 55 लिटर की बात कहीं थी, महोदय, जिस सम्मेलन की अध्यक्षता मंत्री महोदय ने की थी और जिसमें फैसले लिए गये थे, उसे लागू करना सरकार का ही नहीं, मंत्री महोदय का भी दायित्व है । महोदय हमारे देश में जमीने के नीचे जो पानी है उसकी बहुत बड़ी समस्या है । लगभग 90 प्रतिशत पानी की आवश्यकताएं हम लोग जमीन के नीचे जो पानी है, उसको खींचकर पूरी करते है । मगर उसमें से सिर्फ पांच प्रतिशत पानी घरेलू उपयोग में आता है और पांच प्रतिशत पानी जो उद्योग-धंधे है, उनके उपयोग में आता है । बाकी नब्बे प्रतिशत सिंचाई के लिए उपयोग होता है । लेकिन सिंचाई के लिए जो नाली की व्यवस्था होनी चाहिए, उसके नहीं होने से सिंचाई का बहुत सारा पानी बरबाद हो जाता है, गलत जगह पर चला जाता है, इसलिए पानी के सरंक्षण की व्यवस्था करनी पड़ेगी । जनसंख्या बहुत तेज़ी से बढ़ रही है, शहरीकरण हो रहा है, औद्योगीकरण हो रहा है । हमारा जल संसाधन अगर इसी प्रकार बरबाद होता रहेगा तो हम कभी भी अपने देश के नागरिकों को शुद्व पानी मुहैया नहीं करा सकेंगे ।

